卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 100 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦17 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर रोक के लिए हाईकोर्ट में जनहित याचिका

प्रयागराज (उद संवाददाता)। इलाहाबाद हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में निर्माणाधीन मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शंकराचार्यों द्वारा उठाई गई आपत्तियों का हवाला देते हुए इसे सनातन परंपरा के खिलाफ बताया गया है। याचिका में कहा गया है कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव का लाभ उठाने के लिए यह कर रही है। याचिका पर तुरंत सुनवाई की मांग की गई है। गाजियाबाद के भोला दास की ओर से दाखिल



याचिका में कहा गया है कि अयोध्या में 22 जनवरी को धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। वहां पर निर्माणाधीन मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। यह प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा की जाएगी और इसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हो रहे हैं, जो कि गलत है। याची ने जनहित याचिका में इसके लिए कई आधार बताए हैं। याची की ओर से कहा गया है कि यह प्राण प्रतिष्ठा गलत है, क्योंकि सनातन धर्म के अगुवा शंकराचार्यों की ओर से इस पर आपत्ति उठाई गई है। दूसरा, पूस महीने में कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाते हैं। 25 (शेष पृष्ठ सात पर)

## आंखों में मिर्च झोंककर व्यापारी से लूटे साढ़े नौ लाख

रूड़की (उद संवाददाता)।बाइक सवार दो बदमाशों ने एक सरिया कारोबारी के आंखों में मिर्च झोंककर साढ़े नौ लाख से अधिक की रकम लूट ली। सरिया कारोबारी ने बाइक सवारों का पीछा किया लेकिन उनका पता नहीं चल पाया। लूट की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के बिझोली गांव निवासी आकिल सरिया कारोबारी हैं। उनकी लंढौरा रेलवे स्टेशन रोड पर दुकान है। मंगलवार रात वह दुकान बंद कर घर जाने के लिए जब अपनी कार के पास पहुंचे, तभी बाइक सवार दो युवक आए और उन्हें भाई जान सलाम कहकर आंखों में मिर्च झोंक दी। इसके बाद युवक उनके हाथ से नोटों से भरा बैग छीनकर बाइक से फरार हो गए। आकिल ने शोर मचाते हुए उनका पीछा किया, लेकिन बदमाशों का कुछ पता नहीं चल पाया। शोर सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर लंढोरा पुलिस चौकी से पुलिसकर्मी पहुंचे और जानकारी ली। सरिया कारोबारी ने बताया कि बैग में 9.55 लाख रुपये थे। मंगलौर कोतवाली प्रभारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि बाइक सवार दोनों बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। बाइक नंबर के आधार पर उनकी तलाश की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## खनन गेट ऑफिस में चोरों ने बोला धावा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। खनन गेट ऑफिस में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर लाखों के सामान पर हाथ साफ कर लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौका मुआयना कर पूरी जानकारी ली। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंगलवार देर रात्रि अज्ञात चोरों ने इंदिरानगर खनन गेट के ऑफिस में धावा बोल दिया। बताया जा रहा है कि चोरो ने ऑफिस में इन्वेंटर की चार बैटरी, तीन सीपीयू, एक इन्वेंटर व सभी केबलो को चोरी कर लिया। सुबह कार्यालय खोलने पर चोरी की जानकारी मिली तो विभाग में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। वन क्षेत्राधिकारी गोला चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि चोरी की घटना में लगभग दो लाख का नुकसान हुआ है,मामले में पुलिस तहरीर दी गयी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## घर से हजारों की नगदी व मोबाईल चोरी

रूद्रपुर। समूह संचालित करने वाली एक महिला के घर से हजारों रुपए व मोबाईल चोरी हो गए। महिला ने मामले में एक व्यक्ति पर संदेह व्यक्त किया है। शिकायती पत्र में नीतू रानी पत्नी हरपाल सिंह निवासी वार्ड 25, प्रीत विहार कालोनी ने कहा है कि उसने अपने नाम से समूह से 50 हजार रुपए का लोन कराया था। उक्त लोन की जानकारी मोहल्ले के ही निवासी एक युवक को थी। जिसके बाद से ही उक्त युवक उसके पीछे पड़ गया व बार बार लोन के बारे में पूछने लगा। आरोप है कि 16 जनवरी को रात्रि में ही उसके घर से उसका मोबाईल व उक्त 50 हजार रुपए चोरी हो गये। मोबाईल चोरी होने के बाद युवक की पत्नी का फोन आया और उसने कहा कि मोबाईल ले लो। नीतू ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## खाली प्लॉट में चौकीदार का शव मिलने से सनसनी

काशीपुर (उद संवाददाता)। फैक्ट्री में चौकीदारी करने वाले एक कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।



उसका शव मुरादाबाद रोड पर ढेला पुल के समीप बुधवार सुबह एक प्लॉट में पड़ा पाया गया। मृतक के मुंह और सिर पर चोट के निशान थे। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मृत्यु हुई हुई है। फिलहाल पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने मृतक के शव की पहचान अब्बास नगर स्वार टांडा रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी मित्र पाल सिंह 55 वर्ष पुत्र बाबूराम के रूप में की। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक यूपी के टांडा शहर जनपद रामपुर निवासी 55 वर्षीय मित्र पाल सिंह पिछले कई वर्षों से मुरादाबाद रोड (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

किच्छा (उद संवाददाता)। बंगाली कॉलोनी आजाद नगर में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद फर्त्याल ने बताया कि बंगाली कॉलोनी शिव मंदिर के पीछे राजेंद्र शर्मा पुत्र रामचंद्र शर्मा निवासी बंगाली कॉलोनी उम्र 33 वर्ष को परिजनों द्वारा फांसी के फंदे से नीचे उतार कर रखा हुआ था। परिजनों ने बताया कि वे लोग शारदा कालोनी रुद्रपुर में गये हुए थे दो दिन पूर्व ही राजेंद्र शर्मा अकेले घर पर रुदपुर से (शेष पृष्ठ सात पर)

### 'रंग लाए' मुख्यमंत्री धामी के प्रयास

## 'उत्तराखंड' में घटी 'बेरोजगारी दर'

**आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण की ताजा रिपोर्ट में सामने आई बदलते उत्तराखंड की तस्वीर ,रोजगार सृजन के लिए किए गए प्रयास अब देने लगे परिणाम, राज्य में बढ़े रोजगार के अवसर बेरोजगारी दर 3.5 प्रतिशत घटकर 4.9 प्रतिशत पर पहुंची हुई**

-अर्श-

रूद्रपुर। सूबे के मुखिया पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्तराखंड में बेरोजगारी दूर करने एवं नए रोजगार अवसरों का सृजन करने की दिशा में किए जा रहे प्रयास अब रंग लाने लगे हैं और राज्य में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा कराए गए एक सर्वे में बेरोजगारी की दर में 3.5 प्रतिशत की भारी एवं उत्साह जनक कमी दर्ज की गई है।इतना ही नहीं ,प्रदेश में श्रम बल की भागीदारी में भी 4.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही सूबे में मातृशक्ति को काम मिलने की दर भी बढ़कर पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 60.01प्रतिशत हो गई है। बताना होगा की प्रदेश की धामी सरकार अपने दूसरे कार्यकाल में उत्तराखंड की आर्थिक समृद्धि एवं राज्य वासियों के जीवन स्तर



को बेहतर करने पर खास फोकस कर रही है और इसके लिए सरकार द्वारा तमाम क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर प्रयास किया जा रहे हैं, जिसके चलते राज्य में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं।खास तौर पर औद्योगिक निवेश एवं प्राथमिक क्षेत्र को आगे बढ़ाने के प्रयास के चलते सर्विस सेक्टर आदि में आजकल खूब काम मिल रहा है। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे से निकले वर्ष 2022-23 के आंकड़े बताते हैं कि पिछले 1 वर्ष में उत्तराखंड में बेरोजगारी की दर घटी है और लोगों के लिए रोजगार के मौके बढ़े हैं।खास तौर पर महिलाओं की भागीदारी के ग्राफ में तो उत्साहजनक उछाल देखा गया है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय श्रमिकों की ताजा स्थिति का आंकलन करने के लिए निश्चित समयांतराल में आवधिक श्रम बाल (शेष पृष्ठ 7 पर)

## घर लौटते सिडकुल कर्मी से झपटा मोबाईल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस की निष्क्रिय कार्यप्रणाली का फायदा उठाकर आपराधिक तत्व घटनाओं को निरन्तर अंजाम दे रहे हैं। कोतवाली क्षेत्र में झपट्टामारी की घटनाएं तेजी से बढ़ना इसका प्रमाण हैं। गत रात्रि सिडकुल की एक फैक्ट्री में काम कर घर वापस लौट रहे श्रमिक के हाथ से अज्ञात बाईक सवार मोबाईल फोन छीन कर फरार हो गए। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। दर्शन कुमार पुत्र (शेष पृष्ठ सात पर)

## व्यापारी के घर पर केन्द्रीय जांच एजेंसी का छापा

किच्छा (उद संवाददाता)। नगर में स्थित बसंत गार्डन कॉलोनी में नगर के एक चर्चित व्यापारी के घर पर भारत सरकार की टीम द्वारा छापेमारी की कार्रवाई की गई है । अभी तक छापेमारी की कार्यवाही में जीएसटी विभाग की भारत सरकार की टीम का मौजूद होना जानकारी में आया है। घर के आस-पास भारत सरकार की एक सरकारी गाड़ी के अलावा चार अन्य गाड़ियां मौजूद हैं। किंतु किसी भी व्यक्ति के बाहर न होने के कारण पूर्ण जानकारी नहीं मिल पाई है। बताया जा रहा है कि जीएसटी विभाग को जीएसटी में चोरी की सूचना पर यह कार्रवाई की गई है। यहां यह भी चर्चा है कि व्यापारी के घर पर शायद ईडी या अन्य जांच एजेंसी का छापा पड़ा है। किंतु सूत्रों का कहना है कि यह छापा जीएसटी विभाग द्वारा मारा जा रहा है। छापा अत्यंत गोपनीय रखा गया है। समाचार लिखे जाने तक टीम मौके पर थी



# देहरादून की गलियों में घूम रहा गुलदार, पुलिस ने किया अलर्ट

देहरादून। देहरादून शहर के कई इलाकों में गुलदार दिखने की सूचना से पुलिस और वन विभाग की टीमें हरकत में आ गई हैं। रायपुर व राजपुर पुलिस ने सोमवार शाम से देर रात तक सड़कों पर लाउडस्पीकर के जरिए इलाके में गुलदार दिखने की सूचना दे लोगों से घरों में ही रहने की अपील की। पुलिस को रायपुर के मयूर विहार में भी गुलदार दिखने की सूचना मिली थी। वन विभाग की टीमें यहां भी गश्त कर रही हैं। बता दें कि बीस दिन में देहरादून में गुलदार के हमले की दो घटनाएं होने के बाद पुलिस और वन विभाग भी चौकन्ना है। सोमवार को दिन ढलने के बाद से ही पुलिस और वन विभाग की टीमें गश्त के लिए निकल गईं। रात में राजपुर और रायुपर थाना की पुलिस ने कई अलग-अलग पेट्रोलिंग वाहनों से लाउडस्पीकर से लोगों को अलर्ट किया। पुलिसकर्मी सायरन बजाते हुए लोगों को सचेत कर रहे हैं। इसके वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। पुलिसकर्मी कह रहे हैं कि क्षेत्र में गुलदार (तेंदुआ) घूम रहा है। आप लोग घरों से न निकलें। सभी लोग सतर्क रहें। कहीं गुलदार दिखाई देता है तो इसकी सूचना वन विभाग और पुलिस को दें। सर्दी और धुंध बढ़ने के साथ ही गुलदार



बेखौफ हो गए हैं। पिछले 20 दिनों में गुलदार दो बालकों पर हमले कर चुके हैं। इसमें एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे को गुलदार के शिकंजे से बचा लिया गया। वन्यजीव जानकार बताते हैं कि ठंड बढ़ने के साथ ही स्थितियां गुलदार के पक्ष में आ जाती है। सर्दियों में जल्दी दृश्यता कम होने पर पहाड़ी क्षेत्रों में इसका पूरा लाभ गुलदार उठाता है। शाम से ही आवाजाही कम होने पर गुलदार पूरी तरह बेखौफ हो जाता है और गांवों की परिधि में दाखिल होकर बच्चों और जानवरों को आसानी से शिकार करने का दुस्साहस कर लेता है। उत्तराखंड के जंगलों में पहले ही गुलदारों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसलिए गुलदारों के सामने शिकार करने की आए दिन चुनौती रहती है। डीएफओ देहरादून नितिशमणि त्रिपाठी बताते हैं कि सर्दी में विजबिलिटी कम हो जाती है। इस कारण गुलदार सामान्य दिनों की अपेक्षा बेखौफ हो जाता है। सर्दी में पहाड़ी क्षेत्रों में लोग घरों से बाहर नहीं निकलते। इसका लाभ वह उठाता है और आसानी से शिकार कर लेता है। वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ. जीएस कुसारिया बताते हैं कि कि सर्दी में गुलदार के शिकार करने की साइकिल भी बढ़ जाती है, गर्मी में यह शाम सात से नौ बजे के बीच शिकार करता है, जबकि ठंड में सन्नाटा पसर जाने पर शाम चार से रात में नौ बजे तक शिकार करता है। शिकार के लिए अधिक समय होने पर खतरा भी अधिक होता है। बताते हैं कि वह बकरी और बछड़े की लोकेशन का अंदाजा सूंघकर ले लेता है। इस बीच गांवों में बच्चे आदि खेलते मिल जाने पर उन पर हमला बोल देता है।

# उत्तराखंड को मिला राष्ट्रीय स्टार्टअप 'लीडर' अवॉर्ड

देहरादून। स्टार्टअप क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए उत्तराखंड को राष्ट्रीय स्तर पर लीडर अवॉर्ड से नवाजा गया। मंगलवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने राज्य को पुरस्कार प्रदान किया। वर्तमान में राज्य के 160 स्टार्टअप प्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त हैं। जबकि केंद्र सरकार के स्टार्टअप पोर्टल पर उत्तराखंड के 900 से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हैं। प्रदेश सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए नीति में संशोधन कर प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी की थी। इसके अलावा प्रदेश में स्टार्टअप के लिए इको सिस्टम तैयार किया जाएगा। सरकार स्टार्टअप को तकनीकी सहयोग देने के लिए इन्क्यूबेशन सेंटर खोलने के लिए वित्तीय



सहायता दे रही है। फंड की समस्या दूर करने के लिए 100 करोड़ का वेंचर फंड बनाया है। प्रदेश सरकार की स्टार्टअप क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को देखते हुए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक करोड़ से अधिक की आबादी की श्रेणी में उत्तराखंड को लीडर अवार्ड दिया है। जबकि बेस्ट परफॉर्मर की श्रेणी में गुजरात, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडू, टॉप परफॉर्मर का अवार्ड महाराष्ट्र, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना को दिया गया। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अलग-अलग श्रेणियों में राज्यों को स्टार्टअप अवार्ड प्रदान किए। उत्तराखंड से उद्योग विभाग के उप निदेशक एमएस सजवाण ने पुरस्कार प्रदान किया।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 28 जनवरी को पहुंचेंगे उत्तराखंड

देहरादून(उद संवाददाता)। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उत्तराखंड दौरे को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सक्रिय हो गई है। कार्यकर्ता सम्मेलन में 10 हजार पार्टी कार्यकर्ताओं को जुटाने की रणनीति बनाई जाए रही है। जल्द ही संगठन की ओर से विधानसभा वार पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों को जिम्मेवारी सौंपी जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार मल्लिकार्जुन खरगे 28 जनवरी को उत्तराखंड आएंगे। वे कार्यकर्ता सम्मेलन में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। इसमें पार्टी ने बूथ स्तर पर 10 हजार कार्यकर्ताओं को लाने का लक्ष्य रखा है। देहरादून या हरिद्वार में सम्मेलन आयोजित करने पर पार्टी में मंथन चल रहा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने सम्मेलन को लेकर सभी प्रकोष्ठों को सक्रिय कर दिया है। वे पार्टी पदाधिकारियों के साथ



सम्मेलन को सफल बनाने की रणनीति में जुटे हैं। संगठन की ओर से कार्यकर्ताओं को लाने के लिए विधानसभा वार पार्टी नेताओं को जिम्मेदारी सौंपने की लिस्ट तैयार की जा रही है। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सम्मेलन में प्रत्येक बूथ स्तर पर कार्यकर्ता पहुंचेंगे। इसकी रणनीति बनाई जा रही है। कांग्रेस प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे को लेकर चहल-पहल बढ़ गई है। महिला व युवा संगठन के पदाधिकारी भी सक्रिय हो गए हैं। बैठकों का दौर शुरू हो गया है। आमतौर पर पार्टी कार्यालय में गिने चुने कार्यकर्ता ही नजर आते थे। लेकिन मंगलवार को कार्यालय में रौनक नजर आई।

# कोहरे के बीच शीतलहर ने बढ़ाई ठंड

देहरादून। उत्तराखंड में आज भी मौसम बिगड़ा हुआ है। राजधानी देहरादून समेंत प्रदेश के कई इलाकों में दिन की शुरुआत हल्के कोहरे के साथ हुई। वहीं, कई जगहों पर धुंध के साथ बादल छाए हैं, तो कहीं पर हल्की धूप खिली है। उधर, प्रदेश के पांच जिलों देहरादून, पौड़ी, नैनीताल, हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर में घना कोहरा छाने का अलर्ट है। हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर में कोहरे का असर सबसे अधिक देखने को मिलेगा। पर्वतीय जिलों में पाला पड़ने से शीतलहर परेशान करेगी। दिन के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, लेकिन रात का न्यूनतम तापमान गिरने से सुबह-शाम खूब ठंड हो रही है। सोमवार को दून का अधिकतम तापमान तीन डिग्री बढ़ोतरी के साथ 21.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चमोली जनपद में मौसम खराब। आसमान में हल्के बादल छाए। चारों ओर फैली धुंध रही। नई टिहरी व आस-पास के क्षेत्र में धूप खिली जबकि पहाड़ो की रानी



मसूरी, धनोल्टी और कैम्पटी में धूप खिली। श्रीनगर में कोहरा छाया हुआ है।यमुनोत्री धाम सहित यमुना घाटी में धुंध छाई। धुंध के बीच हल्की धूप निकली हुई। कर्णप्रयाग, गैरसैंण सहित पिंडरघाटी के देवाल, थराली और नारायणबगड़ क्षेत्र में कड़ाके की ठंड जारी। हरिद्वार में कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूल बंद रखने के आदेश जारी किये गये है। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल की ओर से अधिक कोहरा और ठंड पड़ने की आशंका को देखते हुए जनपद के कक्षा एक से आठ तक के सभी सरकारी, निजी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए इस संबंध में आदेश जारी किए थे। उन्होंने बताया कि जिन स्कूलों में बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर कक्षा नौ से 12 तक के लिए अतिरिक्त कक्षाएं चल रही हैं। उनका संचालन भी सुबह नौ बजे के बाद किया जाए।

# प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल में शामिल हुए सैकड़ों व्यापारी

रुद्रपुर। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव को लेकर सदस्य बनाने का अभियान खत्म हो गया है। अंतिम दिन करीब साढ़े तीन सौ व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता ली। दो दिन तक जांच के बाद फाइनल सूची घोषित करने के साथ चुनाव की तारीख घोषित की जाएगी।2012 में हुए व्यापार मंडल के चुनाव के बाद से व्यापार मंडल का चुनाव नहीं हुआ था। सितंबर 2023 में चुनाव के लिए सदस्यता अभियान शुरू किया गया था, लेकिन व्यापार मंडल की सीमा के विवाद में मामला खटाई में पड़ गया था। इसी बीच व्यापार मंडल का विभाजन कर पूर्वी और पश्चिमी व्यापार मंडल घोषित कर दिया था।मंगलवार को अग्रवाल धर्मशाला में मुख्य चुनाव अधिकारी सुरमुख सिंह विर्क ने बताया कि करीब 3100 सदस्य बने हैं और जांच के बाद 18 जनवरी को सूची जारी की जाएगी।18 जनवरी को प्रदेश संगठन की ओर से बनाए गए पर्यवेक्षक ओमप्रकाश अरोरा के साथ बैठक कर चुनाव की तिथि घोषित की जाएगी। उम्मीद है कि फरवरी पहले सप्ताह तक चुनाव हो जाएंगे।वहां पर जिलाध्यक्ष राजकुमार भुड्डी, महामंत्री निर्मल हंसपाल, कोषाध्यक्ष विनीत जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अरोरा, अजय चड्ढा, विशाल भुड्डी, मंजीत सिंह, कंवलजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# पूरे प्रदेश में बनाये जा चुके हैं 1283 अमृत सरोवर

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने मंगलवार को सचिवालय में मिशन अमृत सरोवर को लेकर सम्बन्धित विभागों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मिशन अमृत सरोवर प्रदेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इससे प्राकृतिक जल स्रोतों के पुनरुद्धार के साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो सकेंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में 70% वन क्षेत्र होने के कारण वन विभाग इसमें महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। साथ ही ग्राम्य विकास विभाग द्वारा भी इस दिशा में अच्छा कार्य किया जा रहा है, जिसे लगातार जारी रखा जाए। इनके आसपास ईको पार्क आदि विकसित कर रोजगार सृजन पर फोकस किया जाए। सचिव श्रीमती राधिका झा ने कहा कि पूरे प्रदेश में कुल 1283 अमृत सरोवर बनाये जा चुके हैं। जिसमें ग्राम्य विकास विभाग ने 1071 एवं वन विभाग ने 212 अमृत सरोवरों का निर्माण किया है। ग्राम्य विकास द्वारा 31 मार्च, 2024 तक 97 और अमृत सरोवरों का निर्माण कर पूरा हो जाएगा। सचिव ने बताया कि 467 अन्य स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है। इन चिन्हित स्थानों में से 300 स्थानों पर अगले वित्तीय वर्ष में अमृत सरोवरों का निर्माण कर लिया जाएगा। वर्तमान में 340 अमृत सरोवरों में मत्स्य पालन चल रहा है, 109 सरोवरों को पर्यटन गतिविधियों के लिए चिन्हित किया गया है। इस अवसर पर एपीसीसीएफ श्री रंजन कुमार मिश्रा, अपर सचिव श्री आनन्द स्वरूप एवं श्री विनीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जागरूकता से ही होगा बाल अधिकारों का संरक्षण: गीता








अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। बाल अधिकारों का संरक्षण तभी होगा जब समाज में इसके बारे में जागरूकता आयेगी। यह बात अध्यक्ष उत्तराखण्ड बाल संरक्षण आयोग गीता खन्ना ने स्प्रिंग डेल्स सीनियर सैकण्डरी स्कूल में आयोजित कार्यशाला में कही। उन्होंने कहा कि हमारा प्रथम ध्येय है कि हर किसी को सामाजिक न्याय व बच्चों के प्रति उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाय इसके लिए सभी अभिभावकों, जिला प्रशासन, न्याय विभाग, राजनैतिक व हर स्तर पर बाल अधिकारों की चर्चा होगी तो स्वत: ही हम उसके लिए काम कर सकेंगे। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राओं को बाल अधिकारों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सभी को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी प्राप्त होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दी जाने वाले अधिकारों और योजनाओं की सही जानकारी न होने के कारण कई लोग सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित रह जाते है। उन्होंने कहा कि निर्धन लोगों के बच्चे भी अच्छे स्कूलों से शिक्षा प्राप्त कर सके इसके लिए उत्तराखण्ड सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण आयोग जनपद स्तर पर इसी लिए कार्यशाला का आयोजन कर रहा है ताकि प्रत्येक जनपद जनपद में जाकर सम्बन्धित विभागों, बच्चों के साथ काम कर रहे एनजीओ एवं अध्यापकों आदि से मिलें। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा बाल विकास सभा का गठन किया गया है। इनके द्वारा स्कूलों, ऑगनबाड़ी केन्द्रों व शिशु सदनों में बच्चों के बीच जाकर संवाद स्थापित किया जा रहा है तथा उनकी समस्याओं को जानने एवं उनका समाधान किये जाने का कार्य किया जा रहा है। इनके द्वारा यह भी देखा जा रहा है कि सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत् बच्चों का वहॉ पर बाल अधिकारों का किसी भी रूप में हनन तो नहीं हो रहा हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड बाल संरक्षण आयोग द्वारा कोचिंग संस्थानों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन संस्थानों के लिए अभी कोई मापदण्ड नहीं है न ही वे किसी निगरानी में कार्य कर रहे है।कार्यशाला में पुलिस उपाधीक्षक विमल प्रसाद द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी दी गयी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा शिक्षा नीति के बारे में भी जानकारी प्रदान की गयी। इस कार्यशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, भाजपा जिला महामंत्री धमेन्द्र बिष्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि रौतेला, जिला प्रोबेशन अधिकारी कल्पना मनराल, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीताम्बर प्रसाद, ट्रैफिक इन्सपेक्टर गणेश सिंह हरड़िया, अयूब अली, बाल विकास विभाग से पी0सी0 जोशी, योगेश कुमार, गीता जोशी, नीलिमा जोशी आनन्द बल्लभ काण्डपाल सहित अनेक स्कूलों के छात्र-छात्रायें एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817




## सूचना नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम RAJENDER PAL (पुराना नाम)से बदलकर RAJENDRA PAL (नया नाम) कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे RAJENDRA PAL (नया नाम) S/O RATTAN LAL के नाम से जाना व पहचाना जाये।

वर्तमान पता- हाऊस नम्बर एफ 42, सीटी क्लब के पीछे, आदर्श कालोनी, रूद्रपुर (उधमसिंह नगर), उत्तराखण्ड- 263153

# बिंदल हुंडई शोरूम में लांच हुई न्यू क्रेटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा बाई पास रोड स्थित हुंडई कार शोरूम बिंदल हुंडई में हुंडई की नई बहुप्रतीक्षित एसयूवी कार द न्यू क्रेटा को लाँच किया गया। हुंडई की नई कार का अनावरण बिंदल हुंडई शोरूम में अंकुर गोयल एवं बिंदल हुंडई के डायरेक्टर आनंद अग्रवाल, हनुमान प्रसाद बिंदल, राजकुमार बिंदल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान बिंदुल हुंडई के डायरेक्टर आनंद अग्रवाल ने बताया कि यह कार 1.5 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन, 1. 5 लीटर पेट्रोल ऑटोमेटिक एवं मैन्युअल इंजन और 1.5 लीटर डीजल ऑटोमेटिक एवं मैन्युअल इंजन में उपलब्ध है। पेट्रोल मैन्युअल वेरिएंट का माइलेज 17.4 किलोमीटर प्रति लीटर, पेट्रोल टर्बो वेरिएंट में 18.4 किलोमीटर प्रति लीटर, पेट्रोल ऑटोमेटिक पेट्रोल वेरिएंट में 17.7 किलोमीटर प्रति लीटर, डीजल मैन्युअल वेरिएंट का माइलेज 21.8 किलोमीटर प्रति लीटर और डीजल ऑटोमेटिक वेरिएंट का माइलेज 19.1 किलोमीटर प्रति लीटर है। हुंडई ने नए फेसलिफ्ट वेरिएंट को सेफ्टी फीचर्स पार्किंग सेंसर के साथ 360 डिग्री कैमरा और 6 एयरबैग्स के साथ और भी बेहतर बनाया है। इसके अलाबा इसमें नया डैशबोर्ड डिजाइन, वॉयस एनेबल्ड पैनोरमिक सनरूफ, 8-वे पावर ड्राइविंग सीट, वेंटिलेटेड सीट्स, डुअल जोन क्लाइमेट कंट्रोल, वायरलेस चार्जर, 10. 25 इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम और 10.25 इंच का डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, नैविगेशन, 8 स्पीकर वाला बेस साउंड सिस्टम समेत 70 से ज्यादा सेफ्टी फीचर्स और 36 स्टैंडर्ड फीचर्स दिए गए हैं। नई क्रेटा में लेवल 2 अडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंट सिस्टम है। इस कार में इलेक्ट्रॉनिक ब्रेकफोर्स डिस्ट्रीब्यूशन के साथ एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम को बतौर स्टैंडर्ड दिया है, इसके ऑटोमैटिक हेडलैंप और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम, कूज कंट्रोल, व्हिकल स्टेबिलिटी मैनेजमेंट (टैड) जैसे फीचर्स मिलते हैं। हुंडई ने वाजिव दाम में फिर से एक बहुत अच्छी गाड़ी दी है जिसकी कीमत 10,99,900 रूपये से शुरू होती है।इस कार के लाँच के मौके पर बिंदल हुंडई के डायरेक्टर आनंद अग्रवाल, हनुमान प्रसाद बिंदल



जी, राजकुमार बिंदल, कनिष्क बिंदल, पार्थ अग्रवाल, उत्कर्ष अग्रवाल, सुरेश गुसाई, अंकित गुप्ता, अमित मिश्रा, प्रवीण तिवारी ,राजू भुड्डी, गुलशन छाबड़ा, डॉ राजेश सिंह, अभिनव अग्रवाल, सुनील झाम, मनीष बेलबाल आदि मौजूद थे।

## भारत-चीन सीमा पर तैनात राइफलमैन शैलेंद्र शहीद

उत्तरकाशी। उत्तराखंड में उत्तकाशी के कुमराड़ा गांव निवासी भारतीय सेना की गढ़वाल स्काउट में राइफलमैन शैलेंद्र सिंह कठैत ड्यूटी के दौरान वीरगति को प्राप्त हो गए। उनके बलिदान की सूचना से गांव व क्षेत्र में शोक की लहर है। बुधवार को



बलिदानी राइफलमैन शैलेंद्र का पार्थिव शरीर गांव लाया जाएगा। जहां पैतृक घाट पर सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार होगा। जानकारी के अनुसार, भारत-चीन सीमा के नीति घाटी की गोल्डुंग पोस्ट में तैनात राइफलमैन शैलेंद्र सिंह कठैत गत दिवस अपने साथियों के साथ गश्त कर रहे थे, इस दौरान ड्यूटी के दौरान वह वीरगति को प्राप्त हो गए।बताया कि शैलेंद्र घर का इकलौता चिराग था। उसकी दो छोटी बहने हैं। दो माह पहले ही उसके पिता कृपाल सिंह कठैत के निधन पर वह घर आए थे। यहां पिता का अंतिम संस्कार कर ड्यूटी पर लौटा थे। उनके बलिदान से उसकी पत्नी अंजू और मां ध्यान देई का रो-रोकर बुरा हाल है। शैलेंद्र की पांच और एक वर्ष की दो छोटी बेटियां हैं।

## तहसील दिवस में सुनी फरियादियों की समस्याएं

जसपुर (उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को मंडी प्रांगण में आमजन की समस्याओं के निराकरण हेतु तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में राशन कार्ड, पीएम आवास, पेंशन, सड़क, बिजली, नगर पालिका आदि से सम्बन्धित 97 शिकायतें एवम मांग पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधि कारियों को कहा कि जो समस्या जिस स्तर की है, उसी स्तर पर



समस्या का समाधान हो जाना चाहिए। एडीएम ने कहा कि तहसील दिवस में जिन समस्याओं का निस्तारण संभव नहीं हो पाया है, उन समस्याओं को सम्बन्धित विभागों को हस्तगत किया जा रहा हैं, संबंधित अधिकारी उन सभी समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। तहसील दिवस में राजस्व, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, शहरी विकास, चिकित्सा विभाग, उद्यान, कृषि, समाज कल्याण, बाल विकास, गन्ना विकास, जल संस्थान, विद्युत आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र व्यक्तियों को मौके पर ही लाभांवित किया गया।तहसील दिवस में विधायक आदेश सिंह चौहान, अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग मुकेश कुमार, उप जिलाधिकारी गौरव चटवाल, तहसीलदार सुभांगनी सहित सम्बन्धित अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय जनता आदि उपस्थित थी।

## कड़ाके की ठण्ड में भी उत्साह के साथ निकली श्री राम प्रभात फेरी





खटीमा (उद संवाददाता)।श्री राम शोभायात्रा प्रभात फेरी के तीसरे दिन शोभायात्रा रामलीला ग्राउंड से प्रारंभ होकर बाल्मीकि बस्ती पहुंची जहां सफाई कर्मचारी नेता संतोष गौरव ने यात्रा में शामिल राम भक्तों को मुकुट पहनाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कड़ाके की ठंड में एवं घने कोहरे मे यात्रा में सैकड़ो राम भक्तों ने भाग लिया। पंजाबी सभा के अध्यक्ष विजय अरोड़ा ने अपने निवास पर राम भक्तों पर पुष्प वर्षा कर एवं अग्रवाल युवा संघ ने आतिशबाजी कर पुष्प वर्षा कर एवं प्रसाद वितरण कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा सितारगंज रोड सेल टैक्स गली ब्लॉक परिसर डिग्री कॉलेज रोड होते हुए महाआरती के साथ रामलीला ग्राउंड मे सम्पन्न हुई। जहां जहां से शोभा यात्रा निकली वहां के निवासियो ने अपने घरों से यात्रा का पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया। यात्रा में शामिल राम भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था, राम धुन भक्ति गीतों के यात्रा ने विभिन्न वार्डो का भ्रमण किया। यात्रा में मुख्य रुप से रमेश चंद जोशी उर्फ रामू मनोज वाधवा सतीश गोयल नंदन सिंह खड़ायत, श्री राम अरोड़ा, विश्वजीत मित्तल, अजय अग्रवाल, जीवन धामी, प्रदीप अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, कमल अग्रवाल, विजय अरोड़ा, हरीश बत्रा, मनमोहन जोशी, संतोष अग्रवाल, राहुल सक्सेना, विशाल चौहान, अमन गुप्ता, राजीव बंसल, अनमोल अग्रवाल, मंगतराम अरोड़ा, संतोष गौरव, भानु रस्तोगी, स्वाती मिश्रा, अनीता जल, अनुपम शर्मा, मोहनी पोखरिया, नीलू गुप्ता, सावित्री, कन्हैया लाल, भानु प्रकाश शास्त्री,नीरज सक्सेना, मनोज श्रीवास्तव, सुधीर अग्रवाल, ईश्वर बंसल, राजेश गोयल, नितिन बत्रा, वरुण अग्रवाल, हरीश बत्रा, राकेश रोहेला, अचल शर्मा, सुनील रैदानी, जितेंद्र सिंह, विजय गुप्ता, अशोक बत्रा, विश्वनाथ यादव, दीपक तिवारी, विजय गुप्ता, ललित जोशी, रंजन अग्रवाल, ललित अग्रवाल, राहुल सक्सेना, दीपेश तिवारी, रवि सक्सेना, विमला बिष्ट, धना भण्डारी, गंगा चौहान, अनीता ज्याला, मनोज प्रजापति, लक्की गुप्ता, श्री कृष्ण कश्यप, संदीप सक्सेना, रविंदर श्रीवास्तव सहित रामभक्त उपस्थित थे।

## प्रदेश के कृषि और बागवानी के क्षेत्र में 50 करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान किया जाए

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना 2023-24 के तहत राज्य स्तरीय अनुमोदन समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि कृषि और बागवानी के क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने को असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि कृषि और बागवानी के क्षेत्र में अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ कृषकों को उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित विभाग सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्य सचिव ने प्रदेश में फार्म मशीनरी बैंकों की सफलता को देखते हुए योजना से प्रदेश को परिपूर्ण किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष कम से कम 50



करोड़ रुपए बजट का प्रावधान किया जाए। उन्होंने फार्म मशीनरी बैंकों की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूहों के साथ-साथ सहकारी समितियों को भी दिए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने प्रदेश में पावर टिलर और पावर वीडर की मांग को देखते हुए इसके लिए भी बजट बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता के लिए नियोजन विभाग में सूचीबद्ध एजेंसियों द्वारा थर्ड पार्टी का मूल्यांकन अनिवार्य रूप से करवाया जाए। इस अवसर पर सचिव डॉ. बी. वी. आर. सी. पुरुषोत्तम एवं श्री विनोद कुमार सुमन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# पिथौरागढ़ में जल्द बनेगा मेडिकल कॉलेज: धामी







## ❑ धारचूला के वाइब्रेंट विलेज से आई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ सीएम ने की ऊन की कताई, सिल में पीसा लूण
## ❑ मुख्यमंत्री धामी ने जनपद में 217.28 करोड़ रूपये की विभिन्न 37 योजनाओं का लोकार्पण एवं 28 योजनाओं का शिलान्यास किया





पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को अपने पैत्रिक गृह जनपद पिथौरागढ़ में आयोजित रोड शो में प्रतिभाग किया। रोड शो में भारी संख्या में स्थानीय जनता, जनप्रतिनिधियों, रंग कर्मियों, अधिवक्ताओं, पूर्व सैनिकों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर लोक वाद्य यंत्रों, पारंपरिक लोक नृत्य छोलिया की प्रस्तुति के साथ कलश यात्रा का भी आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने स्थानीय जनता का अभिवादन कर सभी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज पिथौरागढ़ स्थित चटकेश्वर मंदिर व सैनी गांव के देवल मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख शांति व समृद्धि की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर धार्मिक स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाए जाने का संदेश भी दिया। मुख्यमंत्री ने सैनी गांव के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश भी दिए। इससे पूर्व मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज पिथौरागढ़ में अयोजित दीदी-बैंणा नारी शक्ति महोत्सव में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 217.28 करोड़ की कुल 65 योजनाओं जिनमें 37 योजनाओं का लोकार्पण एवं 28 योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न घोषणाएं कि जिसमें आंवला घाट फेज-2 पेयजल योजना का निर्माण कार्य किए जाने, फगाली गाड़ से पनार पुल तक वैकल्पिक सड़क मार्ग का निर्माण, मोस्टामानू मंदिर का सौंदर्यीकरण, नैनी-सैनी से जाजरदेवल तक हॉटमिक्स सड़क व नाली निर्माण कार्य शामिल है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया व भगवान श्री राम दरबार एवं कन्या पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने धारचूला की दारमा, व्यास घाटियों के वाइब्रेंट विलेज से आई महिलाओं के साथ बागेश्वरी चरखे एवं तकली से ऊन कताई की। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रांच में पारंपरिक विधि से कालीन तथा फिरका और बिंडा (मटका) के माध्यम से मट्ठा भी बनाया इसके साथ ही सिलबट्टे पर हरा नमक भी पीसा। मुख्यमंत्री ने बिण सिडकुल आस्थान में 253 उद्यमियों को व्यवसायिक भूखंड आवंटन स्वीकृति पत्र भेंट किए। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कार्यक्रम में उपस्थित माताओं एवं बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी जन्मभूमि पिथौरागढ़ में आना मेरे लिए हमेशा भावुक क्षण होते हैं। उन्होंने कहा अन्य जिलों की भांति ही अपनी जन्मभूमि में माताओं बहनों का प्यार और दुलार मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिथौरागढ़ के विकास हेतु राज्य सरकार हर संभव कार्य कर रही है। उन्होंने कहा पिथौरागढ़ जनपद में जल्द ही मेडिकल कॉलेज बनेगा। जिसके लिए सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। कॉलेज हेतु 1 हजार से अधिक पदों की भर्ती के लिए कैबिनेट की स्वीकृति भी मिल गई है।मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ माह पूर्व ही आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने आदि कैलाश और जागेश्वर धाम के दर्शन किये थे, जिसके फलस्वरुप आदि कैलाश और जागेश्वर धाम में पर्यटकों को संख्या बढ़ रही है। इस दौरान सांसद अजय टम्टा ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में विधायक बिशन सिंह चुफाल, विधायक फकीर राम टम्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोरा, राज्य मंत्री गणेश भंडारी, पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भोरियाल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सरस मेले में खुशी जोशी और गोविंद दिगारी ने मचाई धूम






रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गांधी मैदान में आयोजित सरस मेले में मंगलवार को मुख्य अतिथि उत्तराखंड अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार एवं पंतनगर विश्व विद्यालय के वाइस चांसलर मनमोहन सिंह चौहान रहे। मुख्य कलाकार गोविंद दिगारी और खुशी जोशी थे जिन्होंने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। खुशी जोशी के भजन 'तू रूंछी मैया' ने कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया तो वहीं गोविंद दिगारी के 'पहाड़ छूटी ग्यौ' ने समां बांधा। सरस मेले में विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं ने बहुत सुंदर सुंदर प्रस्तुतियां देकर लोगों का मन मोह लिया। वहीं घने कोहरे के बीच विभिन्न क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने लोक गायकों के गीतों कीधून पर जमकर नृत्य किया। लोगों ने विभिन्न स्टालों से विभिन्न उत्पादों एवं सामग्री की बढ़ चढ़कर खरीदारी भी की। इस दौरान एसडीएम सदर मनीष बिष्ट, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी समेत अन्य उपस्थित रहे।

# प्रदेश में 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घेषित करेगी धामी सरकार

देहरादून। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को प्रदेश में धूमधाम से मनाने के लिए प्रदेश की धामी सरकार 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा कर सकती है। भाजपा के राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने भी मुख्यमंत्री से सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री को एक पत्र भी लिखा है। बंसल ने अपने पत्र में कहा कि 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम है। इसकी उत्तराखंड समेत पूरे विश्व मे भव्य आयोजन की तैयारी चल रही है। पूरा विश्व इस समय राममय है। आस्था और विश्वास का यह महापर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। हर व्यक्ति 22 जनवरी का कार्यक्रम देखने को उत्सुक है। प्रत्येक रामभक्त इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह का साक्षी बनना चाहता है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा आदि प्रदेशों में 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है, ताकि लोग धूमधाम से यह उत्सव मना सकें। बंसल ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है। यहां के लोगों के मन में सनातन बसा है। यहां से एक विशेष संदेश अयोध्या धाम जाना चाहिए। उत्तराखंड का संपूर्ण जनमानस व रामभक्त इस पावन पुण्य आयोजन का साक्षी बने इसमें सार्वजनिक अवकाश के माध्यम से सरकार का सहयोग अपेक्षित है।

# 51 वाइब्रेंट विलेज में सड़कों के लिए 26 करोड़ जारी



देहरादून। उत्तराखंड के 51 वाइब्रेंट विलेज के बीच पांच सड़कों के लिए केंद्र ने 119.44 करोड़ को मंजूरी देते हुए इसकी 26.06 करोड़ की पहली किस्त जारी कर दी है। राज्य सरकार वाइब्रेंट विलेज से संबंधित सभी योजनाओं की डीपीआर केंद्र को भेज चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर भारत-चीन सीमा पर स्थित उत्तरकाशी जिले के 10, चमोली जिले के जोशीमठ के 14, पिथौरागढ़ जिले के धारचूला के 17, कनालीछीना के 2, मुनस्यारी के 8 गांवों को वाइब्रेंट विलेज घोषित किया गया था। इन गांवों में विकास कार्यों के लिए संबंधित जिलों के डीएम से प्रस्ताव मांगे गए थे। इन प्रस्तावों पर पिछले साल 26 सितंबर को हुई बैठक में कुछ संशोधन के साथ मुख्य सचिव ने अनुमोदन दे दिया था। इसके लिए सभी डीपीआर केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेज दी गई हैं। कुल 506 में से 66 परियोजनाएं वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत और 440 अन्य योजनाओं से कंवर्जेंस के तहत पूरी होनी हैं। गृह मंत्रालय ने वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत 43.96 किमी लंबाई की पांच सड़कों के लिए 119.443 करोड़ की स्वीकृति दी है, जिसमें से 26.06 करोड़ की पहली किश्त जारी कर दी है। सचिव ग्राम्य विकास राधिका झा ने बताया कि वाइब्रेंट विलेज संबंधी प्रस्ताव गृह मंत्रालय को ऑनलाइन माध्यम से भेजे जा चुके हैं। इसी के तहत पांच सड़कों को मंजूरी मिली है। पिछले आम बजट में सरकार ने वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की घोषणा की थी। इसके तहत सीमांत गांवों के निवासी लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं बनाई गई हैं। चूंकि उत्तराखंड में करीब छह माह तक लोग सीमांत गांव में रहते हैं और छह माह तक पलायन करके दूसरे स्थानों पर रहते हैं। इसलिए राज्य सरकार ने उनके लिए दोनों स्थानों पर पीएम आवास योजना के तहत आवास बनाने का प्रस्ताव भी गृह मंत्रालय को भेजा हुआ है।

# राज्यपाल ने श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व पर दी शुभकामनाएं



देहरादून (उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि श्री गुरु गोबिन्द सिंह ने हमारे देश, धर्म, संस्कृति और सभ्यता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। उन्होंने हमें सदैव पवित्र भावनाओं और महान विजय की सीख दी है। राज्यपाल ने कहा की श्री गुरु गोबिन्द सिंह का महान व्यक्तित्व, उनके आध्यात्मिक संदेश हम सबकी भलाई और विश्व कल्याण के लिए हैं। उनका जीवन लोगों की सेवा और सत्य, न्याय एवं करुणा के जीवन-मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। गुरु गोविंद सिंह जी का जीवन और शिक्षाएं हमें आज भी प्रेरित करती हैं।

# 22 को होगा देशवासियों के लिए गौरव का पल : चुघ

## संजय नगर खेड़ा में बांटे कैलेंडर व पूजा सामग्री

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता और रामभक्त भारत भूषण चुघ का 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूजा सामग्री व कैलेंडर वितरण करने का अभियान लगातार जारी है।संजय नगर खेड़ा पहुंचकर उन्होंने मंदिर में शीश नवाया और प्रभु श्री राम के जयकारे के साथ पूजा सामग्री व कैलेंडर वितरण का अभियान प्रारंभ कर दिया।उन्होंने कहा कि यह देश प्रभु श्री राम का है और पूरी देश की जनता प्रभु राम की अनुयाई है। ऐसे में यह सौभाग्य का विषय है कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु राम के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह हो रहा है। पिछले 500 वर्षों से प्रभु राम टाट में निवास करते थे। आज करोड़ों लोगों की आस्था के पश्चात प्रभु राम अपने भव्य मंदिर में विराजेंगे, जो पूरे देश का गौरव व हर्ष का पल है।इसको लेकर संजय नगर खेड़ा में घर-घर जाकर पूजा सामग्री और कैलेंडर का वितरण किया। श्री चुघ ने संजय नगर के मंदिर जाकर माथा टेका और वहां के पुजारी जी को सामग्री भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। उसके पश्चात भाजपा नेता चुघ अपनी टीम के साथ भगवान श्री राम के जयकारों के संजय नगर खेड़ा के घर-घर पहुंचे जहां उन्होंने बुजुर्ग महिलाओं से आशीर्वाद लिया और उन्हें पूजा सामग्री व कैलेंडर वितरित किए। उन्होंने कहा कि पुरातन पीढ़ी से लेकर वर्तमान पीढ़ी तक सभी के दिलों में एक ही अलख जल रही थी कि प्रभु राम अपने घर में विराजे और आज यह सदियों का सपना पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह ऐसा पल देशवासियों के लिए आया है कि जिस पर करोड़ो हिंदू गर्व कर सकते हैं कि जब सदियों से हिंदुओं के आस्था के प्रतीक प्रभु श्री राम भव्य राम मंदिर में विराजमान होंगे। श्री चुघ ने लोगों से अपील की 22 जनवरी को घर-घर में दिया जलाएं और भगवा ध्वज स्थापित करें।इस दौरान संजय नगर खेडा वासियों में खास उत्साह देखने को नजर आया और लोगों ने जय श्री राम का स्मरण किया। इस मौके पर सत्यपाल गंगवार, शिवकुमार शिबू , ललित सिंह बिष्ट, मनोज कुमार, मुकेश मंडल, लक्ष्मण, सनी, रविंद्र विश्वास, शेखर राय, मनमोहन सिंह, रविंद्र कुशवाहा, जितेंद्र, शिव छाबड़ा, राज कोली, मोनिका, उर्मिला, माधुरी, कविता, देवरानी, सुलता, द्रोपदी रोहित गुप्ता, ज्ञान सिंह चौहान, संजय सिंह, सुभद्रा, रामवती समेत तमाम लोग मौजूद थे।








टीडीसी के निर्विरोध डायरेक्टर निर्वाचित होने पर

श्री हरभजन सिंह विर्क

को हार्दिक बधाई

किशोर अरोरा

गोल्डन एजेंसी, रूद्रपुर


# नो एंटी के बावजूद बाजार में हो रही भारी वाहनों की आवाजाही

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।बाजार में प्रात: पांच बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों की नो एंट्री के बावजूद खुलेआम भारी वाहनों की आवाजाही पर पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी व कांग्रेसी नेता रमेश राय ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। उप जिलाधिकारी तुषार सैनी को सौंपे ज्ञापन मे रमेश राय ने बताया कि शक्ति फार्म में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के चलते स्थानीय लोगों द्वारा विरोध करने पर प्रशासन द्वारा प्रात: 5 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों का शक्ति फार्म बाजार से प्रवेश निषेध कर दिया था। परंतु इस समय नो एंट्री होने के बावजूद भी लगातार भारी वाहन बाजार से होकर गुजर रहे हैं तथा सिडकुल की ओर से भारी वाहनों का लगातार आवागमन हो रहा है। जिससे लगातार दुर्घटना हो रही है । रमेश राय ने बताया कि भारी वाहनों का नो एंट्री के समय प्रवेश रोकने को पुलिस बल से पालन कराया जाना जनहित में आवश्यक है।



# एसएसपी ने किए 13 उपनिरीक्षकों के तबादले

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा जनपद के तेरह उप निरीक्षकों का स्थानांतरण किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार उ. नि. रविन्द्र सिंह को प्रभारी चौकी हीरानगर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय, उनि. प्रकाश पोखरियाल प्रभारी चौकी मंगल पडाव से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय, म.उ. नि. मंजू ज्याला को कोतवाली हल्द्वानी से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय, उ.नि. मनोज कुमार यादव को थाना बनभूलपुरा से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय, उ.नि. प्रमोद पाठक को थानाध्यक्ष मुखानी से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय, उ.नि. संजीत कुमार राठौर को प्रभारी चौकी आरटीओ से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय, उ.नि. महेश चंद्र जोशी को थानाध्यक्ष बेतालघाट से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय, उ.नि. भगवान सिंह महर को थानाध्यक्ष चोरगलिया से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय, उ.नि. नंदन सिंह रावत को थानाध्यक्ष कालाढूंगी से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय, उ.नि. गगनदीप सिंह को थाना कालाढूंगी से कोतवाली भवाली, उ.नि. दीपक कुमार बिष्ट व.उप.नि. कोतवाली मल्लीताल से व.उप.नि. द्वितीय कोतवाली लालकुआं, उ.नि. भुवन चंद्र जोशी को थाना भीमताल से कोतवाली रामनगर तथा उ. नि. नरेश चंद्र पंत को चौकी हाईकोर्ट से कोतवाली हल्द्वानी स्थानांतरित किया गया है।



# उड़ान संस्था के इवेंट में राजस्थानी लोक कला की धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 'उड़ान एक नई दिशा की ओर' संस्था की ओर से उत्तराखंड में पहली बार राजस्थान के रंग का जादू बिखेरा गया। रंगीलो राजस्थान कार्यक्रम के माध्यम से उड़ान संस्था का यह इवेंट शानदार रहा। कार्यक्रम में बच्चों और बड़ों के लिए संस्था ने अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। महिलाओं के लिए मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता जिसमें प्रथम स्थान नेहा मित्तल और दूसरे स्थान पर अंकित जैन रही। राजस्थानी स्पेशल पगड़ी बांधने की प्रतियोगिता में प्रथम रोमा भारती और द्वितीय सोनिया आई। इसके अतिरिक्त बच्चों के लिए आयोजित काइट डेकोरेशन प्रतियोगिता में प्रथम कुंज माहेश्वरी और द्वितीय स्थान पर पवन ठुकराल रही। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में प्रथम दिया गोयल और द्वितीय नव्या जैन रही। सीनियर श्रेणी में प्रथम प्रियल मोदी और द्वितीय कृष्णन नरूला आई। प्रतियोगिताओं की निर्णायक सिमरन चौधरी (मिस नार्थ 2023),नेहा श्रीधर ,नेहा ढींगरा और स्नेहल तुलस्यान रही। मेले में तरह-तरह के सामान के स्टाल भी लगाये गये। जहां लोगों ने खूब शॉपिंग की और मेले का आनंद उठाया। शाम को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अग्रबंधु बलराम अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बिट्स एंड स्टेप डांस एकेडमी के बच्चों ने बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में कठपुतली शो , पोटरी, बाइसकोप और राजस्थानी डांस आकर्षण का केन्द्र रहे। लोगों ने तंबोला का लुफ्त भी उठाया और गुरु मां इलेक्ट्रॉनिक से सरप्राइज गिफ्ट भी जीते। कार्यक्रम का आकर्षण रहा लाइव पपेट और राजस्थानी शो, राजस्थान से आई बिल्लू जी की टीम। जिन्होंने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। राजस्थानी ढोल पर लोग खूब नाचे और कोर्टयार्ड का लजीज खाने में सबको राजस्थान का स्वाद याद दिला दिया। कार्यक्रम के अंत में लकी ड्रा निकाला गया जिसमें प्रथम पुरस्कार(4 ग्राम सोने की गिन्नी)सुधा राय बंसल ज्वैलर्स द्वारा, द्वितीय पुरस्कार (फुल्ली आटोमेटिक वाशिंग मशीन) दीपक भगवती जी को गुरु मां इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा, तृतीय पुरस्कार (डिनर्स डेन भीमताल स्टे) रचना झुनझुनवाला को और सरप्राइज प्राइस(माइक्रोवेव) आस्था इलेक्ट्रॉनिक द्वारा दीपक भगवती जी को दिया गया इसके अतिरिक्त 10 सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। इस अवसर पर उड़ान टीम के मेंबर्स ज्योति गोयल चेयरपर्सन पायल अग्रवाल प्रेसिडेंट आस्था अग्रवाल, सेक्रेटरी रिचा मित्तल, कोषाध्यक्ष प्रिया गर्ग, वाइस प्रेसिडेंट सोनम बंसल, शोभित गर्ग, सिल्की अग्रवाल, श्वेता गोयल, सरिता अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, नीतू गोयल, कंचन अग्रवाल, दीपाली शर्मा और आकांक्षा मित्तल आदि मौजूदथे।



# ब्रिटानिया कर्मियों को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

## फैक्ट्री में सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल पंतनगर स्थित ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज में गत दिवस से सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें संस्थान के वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी अरविंद दिवाकर द्वारा कर्मचारियों व अधिकारियों को संस्थान परिसर व सड़क सुरक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए वाहन चलाने के उनका पालन करने की अपील की गई। सुरक्षा अधिकारी अरविंद दिवाकर ने सड़क सुरक्षा माह के दौरान आयोजित होने वाले जागरूकता कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि संस्थान में कार्य के दौरान सामान लोड करते अथवा उतारते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए ताकि किसी भी संभावित घटना को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी वाहन चलाने के दौरान नियमों की किसी भी दशा में अनदेखी ना करें। सड़क पर दो पहिया वाहन चलाने के दौरान दोनों सवारी हेलमेट पहने तथा चार पहिया वाहन सवार सीट बेल्ट का इस्तेमाल अवश्य करें। उन्होंने कहा वर्तमान में कोहरे को देखते हुए चार पहिया वाहन में फोग लाइट का उपयोग अवश्य करें ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि वाहन चलाने के दौरान आप यह बात अवश्य सोचें कि घर में आपका परिवार इंतजार कर रहा है। इसलिए वाहन की गति पर भी नियंत्रण रखें। कार्यक्रम के प्रथम दिन फैक्ट्री परिसर में यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें फैक्ट्री के समस्त कर्मचारियों को यातायात के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें यातायात नियमों का पालन करने का भी आग्रह किया गया। सड़क सुरक्षा माह का समापन आगामी 14 फरवरी को किया जायेगा। इस दौरान फैक्ट्री के प्रबंधक अमित शर्मा,आरएमएच मधुकर कंसल, केक मैनेजर आदित्य जैन, परचेजिंग मैनेजर मुक्त केड़िया, राम दत्त, वीरेंद्र, राज किशोर, भुवन, गौरव सिंह, बृजेश, गजेंद्र, रोबिन, रीमा आदि लोगमौजूद थे।



# एसपी क्राइम समेत तीन स्थानांतरित पुलिस क्षेत्राधिकारियों को दी विदाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस मुख्यालय द्वारा जनपद नैनीताल पुलिस से डॉ जगदीश चंद्र, एसपी क्राइम/ ट्रैफिक नैनीताल, भूपेंद्र सिंह धोनी, सीओ हल्द्वानी, बलजीत सिंह भाकुनी, सीओ रामनगर तथा श्रीमती विभा दीक्षित, सीओ नैनीताल का स्थानांतरण किया गया है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा पुलिस में सेवा दे रहे उपरोक्त राजपत्रित अधिकारियों के स्थानांतरण होने के फलस्वरूप मीटिंग हॉल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह की शुरुआत नितिन लोहनी, सीओ भवाली द्वारा की गई। उन्होंने स्थानांतरण पर जा रहे अधिकारियों द्वारा जनपद नैनीताल में रहते हुए कर्तव्यनिष्ठा से निभाई गई ड्यूटी एवं प्रभावी पुलिसिंग के अनुभव सांझा किए। इसके उपरांत हरबंस सिंह, एसपी सिटी हल्द्वानी तथा श्रीमती संगीता, सीओ लालकुआं समेत अन्य अधीनस्थ थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी द्वारा भी इन अधिकारियों के नेतृत्व में ड्यूटी के अनुभवों के बारे में बताया और शुभकामनाएं दी। स्थानांतरण पर जा रहे उपरोक्त अधिकारियों द्वारा भी जिले में बिताए गए अपने महत्वपूर्ण कार्यकाल के दौरान प्रभावी पुलिसिंग के अनुभव तथा जनसुविधा हेतु लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों को सभी अधिकारियों और अधीनस्थों के समक्ष उजागर किया तथा उच्च अधिकारियों व अधीनस्थों द्वारा ड्यूटी के सफल निर्वहन में दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसएसपी श्री मीणा ने कहा कि नैनीताल पुलिस में नियुक्त रहते हुए अधिकारियों द्वारा कठिन परिस्थितियों में भी कर्तव्यों का सफलता पूर्वक निर्वहन किया गया तथा सभी अधीनस्थ पुलिस बल के लिए प्रेरणास्रोत बने। इन अधिकारियों द्वारा उत्तराखंड पुलिस की एक बेहतरीन छवि को उजागर किया है। उनके द्वारा सभी अधिकारियों को उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। कार्यक्रम के दौरान सभी को सम्मान चिन्ह और उपहार भेंट किए गए। विदाई कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक भूपेंद्र सिंह भंडारी,प्रतिसार निरीक्षक भगवत सिंह राणा समेत लालकुआं, हल्द्वानी तथा रामनगर सर्किल के सभी थाना प्रभारी तथा पुलिस बहुदेशीय भवन के शाखा प्रभारी रहे ।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## गरीबों की जिंदगी में बदलाव

इसमें कोई दो राय नहीं कि पिछले कुछ सालों में देश में विकासात्मक गतिविधियों को लेकर सक्रियता दिखती है और उसी मुताबिक जमीनी स्तर पर बदलाव भी आ रहे होंगे। इस लिहाज से देखें तो नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट को एक उम्मीद की तरह देखा जा सकता है, जिसमें देश में बीते नौ वर्षों में 24.82 करोड़ लोगों के बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर आने का दावा किया गया है।जिस दौर में दुनिया भर में तमाम विकासशील देशों से लेकर विकसित देश भी कई मोर्चों पर व्यापक आर्थिक उथल-पुथल और मंदी से दो-चार हैं, उसमें भारत में करीब पच्चीस करोड़ लोगों के गरीबी रेखा से बाहर आने की खबर आती है तो यह अच्छी बात है। सवाल है कि अगर इतने लोगों की जिंदगी में उल्लेखनीय बदलाव आए हैं और अलग-अलग पैमानों पर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आया है तो सार्वजनिक स्तर पर यह दिखता क्यों नहीं है। गौरतलब है कि बहुआयामी गरीबी को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन-स्तर में सुधार की कसौटी पर मापा जाता है और ये बारह सतत विकास लक्ष्यों से संबंधित संकेतकों के जरिए दर्शाए जाते हैं।नीति आयोग के परिचर्चा पत्र में एक आकलन के मुताबिक, देश में बहुआयामी गरीबी 2013-14 में 29.17 फीसद थी, वह 2022-23 में 11.28 फीसद रह गई। इस रपट में एक खास पहलू यह है कि उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्यप्रदेश ऐसे राज्य रहे, जिनमें गरीबी में सबसे ज्यादा कमी दर्ज की गई। इसे एक उपलब्धि के तौर पर देखा जा सकता है। देश की आजादी के बाद घोषित तौर पर सभी सरकारों का मुख्य जोर गरीबी दूर करने पर ही रहा और इस समस्या को दूर करने के अनेक दावे किए गए, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और रही। जाहिर है, इस मसले पर उठाए गए कदम अपर्याप्त थे। अब अगर बहुआयामी गरीबी के दायरे से भारी तादाद में लोगों के बाहर आने के आंकड़े सामने आए हैं तो स्वाभाविक ही नीति आयोग ने इसका श्रेय भी सरकार की ओर से उठाए गए कदमों को दिया है। देश में विकास के लिए जो आर्थिक पैमाने माने जाते हैं, उसमें खासी संख्या में लोगों के बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर आना एक सकारात्मक बदलाव है। सवाल है कि अगर इतनी बड़ी तादाद में लोग अभाव और गरीबी की दलदल से निकल कर बेहतर जीवन-स्तर जीने लगे हैं, तो जमीन पर यह क्यों नहीं दिखता है। कोरोना महामारी के बाद, पिछले दो-तीन वर्षों से खुद सरकार की ओर से अक्सर यह दावा किया जाता है कि करीब अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मुहैया कराया जा रहा है। किसी भी सामाजिक तबके को अगर पेट भरने के लिए मुफ्त भोजन की व्यवस्था की जा रही है, तो इसकी कसौटी गरीबी ही होगी। अगर इतनी बड़ी आबादी गरीब होने के नाते मुफ्त राशन की हकदार मानी जा रही है तो वे कौन लोग हैं, जो गरीबी रेखा के दायरे से बाहर आ रहे हैं? इसके अलावा, बेरोजगारी के मोर्चे पर स्थिति यह है कि बड़ी संख्या में लोगों के सामने जीवनयापन की चुनौती मुंह बाए खड़ी है। गरीबी रेखा के पैमाने और इसके तहत निर्धारित शर्तों के बरक्स हकीकतें छिपी नहीं हैं। जरूरत इस बात की है कि आर्थिक जटिलताओं के समांतर विकास के ऐसे उपाय जमीनी स्तर पर किए जाएं, जिससे अगर गरीबी कम हो रही हो, लोग इसकी जकड़बंदी से बाहर आ रहे हों तो उनसका प्रभाव भी धारातल पर दिखना चाहिये और लोगों को बेहतर जीवन यापन के लिए बढ़ती महंगाई से जूझना ना पड़े।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह भारत ही नहीं विश्व का सबसे बड़ा उत्सव : श्री हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर संत स्वामी श्री हरि चौतन्य पुरी जी महाराज ने आज श्री हरि



कृपा धाम आश्रम में कहा कि शीत लहर से भी अधिक राम लहर आनंददायी है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह भारत ही नहीं विश्व का सबसे बड़ा उत्सव है। हम सौभाग्यशाली हैं कि हम इसके साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम मात्र हिंदुओं के ही नहीं, मात्र भारतवर्ष के ही नहीं, संपूर्ण ब्रह्मांड के नायक हैं। जन जन के लिए उनका जीवन चरित्र अनुकरणीय एवं अनुसरणीय है। माता- पिता का आज्ञा पालन, भाई भाई का प्यार, गुरु की सेवा, आज्ञा पालन व अनुसरण, समाज के पिछड़े व उपेक्षित वर्ग को गले से लगाना, मित्रता निभाना, धर्म की स्थापना के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर देना, अधर्म के विनाश के लिए सदैव तत्पर रहना, अधिकार की लड़ाई नहीं बल्कि कर्तव्य पालन के लिए तत्परता का संदेश दिया। भगवान श्री राम के दिव्य प्रेरणा संदेश उपदेश जिन्हें जीवन में अपनाकर व्यक्ति सच्चे अर्थों में एक इंसान बन सकता है। उसके अंदर मानवता सुहृदयता, उदारता, परोपकार दयालुता, करुणा, शील, इत्यादिक दिव्य गुणों का प्रादुर्भाव होता है। श्री हरि कृपा आश्रम में अखंड रामचरितमानस पाठ, यज्ञ, हवन व आरती पूजन के साथ साथ भव्य दीपमाला का भी आयोजन किया गया। श्री महाराज ने सभी का आवाहन किया कि शान्ति का साम्राज्य स्थापित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। विश्व शांति का संदेश भारत की पवित्र धरा से ही सारी दुनिया में पहुँचे। प्रात: काल से ही आश्रम में भक्तों का ताँता लगा रहा। श्री महाराज 20 से 22 जनवरी को श्री अयोध्या धाम में आयोजित श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होंगे। परम पूज्य श्री महाराज जी को श्री अयोध्या धाम में 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्री राम के दिव्य, अलौकिक, अनुपम व विशाल मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण पत्र मिला। उन्होंने कहा 500 वर्षों से करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की प्रतीक्षा समाप्त होने जा रही है। हम सभी अपनी हार्दिक प्रसन्नता व भक्ति भावना को शब्दों में व्यक्त करने में स्वंय को असमर्थ अनुभव कर रहे हैं। घर घर में दीपावली जैसा उत्सव हो। इस ऐतिहासिक महान उत्सव का साक्षी बनने का परम सौभाग्य प्रभु श्री राम की कृपा से सम्भव हो रहा है। उन सभी को जिन्होंने अथक प्रयास किया, लम्बी लड़ाई लड़ी, अपना अमर बलिदान दिया व आज भी जो इसे दिव्य स्वरूप प्रदान करने में लगातार लगे हैं व हर प्रकार से जो सहयोग कर रहे हैं उन सभी को कोटि कोटि नमन।श्री हरि कृपा धाम आश्रम में सुन्दर काण्ड पाठ व श्री महाराज जी के दिव्य प्रवचनों के अलावा विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया।

# मूल निवास 1950 लागू करने के लिए उत्तराखंड में होगा बड़ा आंदोलन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बागेश्वर में मूल निवास भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति, उत्तराखंड ने बागेश्वर की सरयू नदी में स्थाई निवास प्रमाण पत्र की प्रतियां बहाई। इसके साथ ही जमीनों की लूट के रास्ते खोलने के लिए लागू किए गए भू कानून की चिता जलाई। इस मौके पर सरयू नदी के तट पर बागेश्वर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मूल निवास भू कानून समन्वय संघर्ष समिति के संयोजक मोहित डिमरी और सह संयोजक लुशुन टोडरिया ने कहा कि बागेश्वर की जमीन आंदोलन की जमीन रही है। चाहे देश आजादी का आंदोलन रहा हो या उत्तराखंड राज्य आंदोलन, इस जमीन ने आंदोलन को धार दी है। बाबा बागनाथ की जमीन से एक बार फिर बड़े आंदोलन की शुरुआत हो रही है। बाबा बागनाथ के आशीर्वाद से मूल निवास भू कानून समन्वय संघर्ष समिति आंदोलन को आगे बढ़ाएगी। सरयू नदी के तट पर स्थायी निवास की प्रतियां बहाते हुए युवाओं ने कहा कि अब लड़ाई आरपार की होगी।



सरकार ने जल्द मूल निवास 1950 लागू नहीं किया तो उत्तराखंड आंदोलन से भी बड़ा आंदोलन उत्तराखंड में होगा। पहाड़ी आर्मी के अध्यक्ष हरीश रावत, बेरोजगार संघ कुमाऊं के संयोजक भूपेंद्र कोरंगा, कार्तिक उपाध्याय ने कहा कि हमें हिमाचल की तरह सशक्त भू कानून चाहिए। सीमित मात्रा में बची कृषि भूमि की खरीद फरोख्त पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। समिति के सदस्य अनिल डोभाल, दीपक ढोंडियाल, प्रांजल नौडियाल, मनीष सुंदरियाल, सौरभ भट्ट, मयंक चौबे, जितेंद्र रावत, योगेश कुमार, बसंत बल्लभ पंडा, देवेंद्र बिष्ट, विनीत सकलानी, प्रकाश बहुगुणा, हरेंद्र सिंह कंडारी, सुमित कुमार ने कहा कि अंकिता भंडारी के हत्यारों को भी फांसी देने की मांग की। साथ ही कथित वीआईपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग उठाई गई।आज बाहर से आने वाले लोगों ने अपने फर्जी स्थाई निवास बनाकर हमारे संसाधनों पर डाका डाल दिया है। नौकरियां, जमीन से लेकर हर तरह के संसाधनों को लूटा जा रहा है। मूल निवासी अपने ही राज्य में धक्के खाने के लिए मजबूर हैं। इस मौके पर जितेंद्र रावत, नारायण सिंह बिष्ट, जसवंत सिंह बिष्ट, महेश चंद्र पांडे, आनन्द सिंह, दयाल सिंह पुंडीर, गोविंद सिंह, केदार सिंह कोरंगा, अवतार सिंह, भूपेंद्र सिंह, शेखर भट्ट, ललित सिंह मेहता, सूरज दुबे, भुवन कठैत ने कहा कि आज हमारी सांस्कृतिक पहचान खतरे में है। जब हमारा राज्य बचेगा, तभी हमारी खिचड़ी संकरांद, घुघुतिया त्यार, मरोज त्योहार बचेगा। आज डेमोग्राफी बदलने से सबसे खतरा उत्तराखंड की संस्कृति को होने जा रहा है।

# अयोध्या में बिखरने लगी अलौकिक छटा, अनुष्ठान शुरू

**रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्र 11 दिनों तक नियम-संयम का पालन करेंगे**

**सात्विक व यम नियमों का पालन कर रहे प्रधानमंत्री मोदी 22 जनवरी को जटायु की मूर्ति की पूजा करेंगे**

अयोध्या(उद ब्यूरो)। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान का आज दूसरा दिन है। अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अनुष्ठान मंगलवार से प्रारंभ हुआ। रामलला की प्रतिमा 18 जनवरी को गर्भगृह में निर्धारित आसन पर स्थापित कर दी जाएगी। पिछले 70 वर्षों से पूजित वर्तमान प्रतिमा को भी नए मंदिर के गर्भगृह में ही रखा जाएगा। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला मंदिर में विराजमान होंगे। इस दिन प्राण प्रतिष्ठा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। आज रामलला की मूर्ति परिसर में प्रवेश करेगी और मूर्ति को परिसर का भ्रमण कराया जाएगा। फिर मंदिर परिसर में बने यज्ञ मंडप में अनुष्ठान शुरू होंगे। प्रायश्चित पूजन व कर्मकुटी पूजन के साथ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सात दिवसीय अनुष्ठान मंगलवार से शुरू हो गया। प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य यजमान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्र को बनाया गया है। मंगलवार को करीब तीन घंटे तक प्रायश्चित पूजा हुई। इसके बाद यजमान को सरयू स्नान कराया गया। मूर्ति निर्माण स्थल की भी पूजा हुई। चयनित मूर्ति का शुद्धीकरण करते हुए उनकी आंखों पर पट्टी बांधी गई है, यह पट्टी 22 जनवरी को खोली जाएगी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्र 11 दिनों तक नियम-संयम का पालन करेंगे। वे दस दिनों तक सिला हुआ सूती वस्त्र नहीं पहनेंगे। स्वेटर, ऊनी शॉल, कंबल धारण कर सकेंगे। केवल फलाहार करेंगे। रात्रि आरती के बाद सात्विक भोजन, सेंधा नमक का इस्तेमाल करेंगे। जमीन पर कुश के आसन पर सोएंगे। अन्य कई कठोर नियमों का उन्हें पालन करना होगा। उन्होंने यह नियम-संयम मकर संक्रांति से शुरू भी कर दिया है। मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनाई रामलला की मूर्ति गर्भगृह में स्थापना के लिए चुने जाने से योगीराज का परिवार बहुत खुश है। योगीराज की पत्नी विजेता ने बताया कि प्रभु राम की मूर्ति के बनाते समय एक नुकीला टुकड़ा उनकी (योगीराज) आंख में चुभ गया। हालांकि, ऑपरेशन के बाद उसे हटा दिया गया। दर्द के दौरान भी वह नहीं रुके और काम करते रहे। उनका काम इतना अच्छा था कि इसने सभी को प्रभावित किया। यम नियम के मुताबिक पीएम प्राण प्रतिष्ठा से तीन दिन पहले सामान्य बिस्तर का त्याग कर देंगे। प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन तक वह लकड़ी की चौकी पर कंबल बिछा कर सोएंगे। 11 दिनों के यम नियम में पीएम को हर दिन शास्त्रों के मुताबिक अलग-अलग कार्य करने होंगे। इसी नियम के तहत पीएम को अंतिम तीन दिन अन्न त्याग कर सिर्फ फलाहार पर निर्भर रहना होगा। । प्राण प्रतिष्ठा के लिए यम नियमों का पालन कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राममंदिर परिसर में बने जटायु की मूर्ति की पूजा करेंगे। इस मूर्ति की स्थापना विशेष रूप से मंदिर आंदोलन में अपना जीवन न्योछावर करने वाले बलिदानियों की स्मृति में की गई। पूजा के समय कारसेवा में शहीद हुए बलिदानियों के परिजन भी मौजूद रहेंगे। इसी दिन मोदी मंदिर निर्माण में जुटे मजदूरों के साथ संवाद भी करेंगे। यम नियम के तहत पीएम मोदी शुक्रवार से ही व्रत और कई नियमों का पालन कर रहे हैं। 12 जनवरी से एक समय के उपवास पर हैं। प्राण प्रतिष्ठा से तीन दिन पहले उनका व्रत व संयम और कठिन हो जाएगा। विहिप के मुताबिक यम नियम और पूजा पद्धति के मुताबिक पीएम 19 से 21 जनवरी तक पूर्ण रूप से फलाहार पर निर्भर रहेंगे। प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन उन्हें पूर्ण उपवास करना होगा। इस दौरान शास्त्रों के नियमों के मुताबिक वे चुनिंदा मंत्रों का जाप करेंगे। प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य यजमान का सौभाग्य प्राप्त करने वाले डॉ.अनिल मिश्र श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य हैं। वे 1979 से संघ से जुड़ हुए हैं। मूलरूप से अंबेडकरनगर के ग्राम पतोना निवासी हैं। जौनपुर के पीडी बाजार स्थित जयहिंद इंटर कॉलेज से माध्यमिक स्तर की पढ़ाई की। फिर डॉ. बृजकिशोर होम्योपैथिक कॉलेज में पढ़ने फैजाबाद आ गए। डॉक्टरी की पढ़ाई में कुछ दिन ही बीते थे कि होम्योपैथी को एलोपैथी के समानांतर प्रतिष्ठा दिलाने का आंदोलन छिड़ गया। अनिल मिश्र भी आंदोलन में कूद पड़े, जिसके चलते उन्हें जेल तक जाना पड़ा।





## संत महात्माओं के साथ उद्योगपतियों और खिलाड़ियों का होगा आगमन

भारत के करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र प्रभु श्री राम के नवनिर्मित मंदिर के शुभारंभ पर आध्यात्म की अलौकिक छटा बिखेरने के लिए भव्य तैयारियां शुरू हो गई है। बलिदानी कारसेवकों के परिवार, असली शिव सैनिक, सभी जगद्गुरु, महामंडलेश्वर, देश के सभी तीर्थों के महंत, प्रमुख मंदिरों के आचार्य, पीठाधीश्वर, सभी अखाड़ों के प्रमुख, देश के करोड़ों सनातनी तथा भारत के लगभग 8000 प्रतिष्ठित अतिथि भी अयोध्या में आ रहे हैं। देश के उद्योगपति अम्बानी, अडानी, बिड़ला, नारायणमूर्ति, डालमिया, बजाज, प्रमुख उद्यमी, देश के प्रतिष्ठित लोग जिन्होंने देश का नाम सम्पूर्ण विश्व मे ऊंचा किया है, वे सभी अयोध्या आ रहे हैं। झारखंड की शबरी उर्मिला जो 31 सालों से मौन हैं, ये भी अयोध्या में आ रही हैं। खेल जगत से जुड़े हुए क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी सहित सभी नामी खिलाड़ियों को भी अयोध्या आमंत्रित किया गया है।

# बागेश्वर के उत्तरायणी मेले में स्थानीय उत्पादों के साथ फल सब्जियों की भरमार







## कुश्ती में पहलवानों ने दिखाया दमखम, स्टार नाइट में लकाकारो ने मचाया धमाल

बागेश्वर। बागेश्वर के ऐतिहासिक और पौराणिक उत्तरायणी मेले में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विभिन्न सांस्कृतिक और खेल गतिविधियो का आयोजन किया जा रहा है। सरयू बगड़ में कुश्ती का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न राज्यों से पहुंचे पहलवानों ने दमखम दिखाया। वहीं दूसरी तरफ काली कुमाऊं (लोहाघाट-चंपावत) के लोहे से बने उत्पादों की प्राचीन काल से धमक रहती आई है। इस बार भी काली कुमाऊं क्षेत्र से पांच उद्यमी लोहे के हाथ से बने उत्पाद लेकर पहुंचे हैं। लोग हाथ से बने लोहे के उत्पादों को हाथोंहाथ ले रहे हैं। उत्तरायणी के मेले में काली कुमाऊं के पाटी (लोहाघाट) क्षेत्र के लौह उत्पादों की भरमार है। नगर के दुग बाजार में लोहे के उत्पादों की पांच दुकानें लगी हुई हैं। पाटी से लोहे के उत्पाद लेकर पहुंचे सुभाष कुमार और राजेश कुमार ने बताया की तीन पीढिय्यों से उनका परिवार उत्तरायणी के मेले में लोहे के उत्पाद लेकर आ रहा है। लौह उत्पादों की दुकान पर कढ़ाही, भदेले, डाडू, पन्यौला, तवा, झांजर के साथ ही हर तरह के उत्पाद उपलब्ध हैं। वहीं उत्तरायणी मेला बागेश्वर में किसानों एवम काश्तकारों को अभिप्रेरित करने, पुरस्कृत करने के लिए बड़े आकार की सब्जियां, फसलों की बालियां आदि को प्रदर्शित करने की परंपरा रही है। बुजुर्ग एवम खेती बाड़ी में अभिरुचि रखने वाले इस स्टाल का रुख जरूर करते हैं। कृषि विभाग के इस स्टाल में बच्चों एवम नव युवकों को अभिरुचि कम ही नजर आती है। खेती बाड़ी में बंदरों के आतंक और गांवों से बढ़ते लोगों के पलायन के बावजूद कुछ जुनूनी किस्म के काश्तकारों ने अपनी मेहनत से फल सब्जियों का उत्पादन निरंतर कर रहे है। उत्तरायणी मेले की स्टार नाइट पिथौरागढ़ के प्रसिद्ध लोक गायक सुरेश प्रसाद सुरीला और ललित गित्यार के नाम रही। लोक कलाकारों ने कुमाऊंनी, गढ़वाली और हिंदी गीतों से दर्शकों का मन मोहा। वी वायरस ग्रुप के नृतकों ने अद्भुत नृत्य कला से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। स्टार नाइट का आगाज गायक ललित गित्यार ने गणेश वंदना तेरी जय हो गणेशा. . से किया। उन्होंने यो डाना को पारा, यां मेरो कुमाऊं, वां तेरो गढ़वाला.., उत्तरैंणी कौतिक लागी रौ..., काजल को टिक्क लगै ले आदि गीत प्रस्तुत किए। सुरेश प्रसाद सुरीला ने मेरे राम जी..., ओ सरिता बैठि जा तू बड़ा गाड़ी मां..., तेरे मेरे होठों पे, मीठे मीठे गीत मितवा.. आदि गीत सुनाकर दर्शकों का दिल जीता। डांस ग्रुप वी वायरस ने नृत्य के माध्यम से महाभारत की कथा का प्रस्तुतिकरण किया। ग्रुप की ओर से प्रस्तुत किए गए भगवान शिव पर आधारित नृत्य नाटिका और बॉलीवुड डांस भी आकर्षण का केंद्र रहे। करीब ढाई घंटे के कार्यक्रम का दर्शकों ने लुत्फ उठाया। सोमवार की रात स्टार नाइट में स्टार सिंगर पवनदीप राजन शिरकत करने वाले थे, लेकिन कोहरे के कारण फ्लाइट कैंसिल होने से वह बागेश्वर नहीं पहुंच सके। जब लोगों को पवनदीप के कार्यक्रम में नहीं आने की जानकारी मिली तो उन्हें काफी मायूसी हुई।

# प्रकाश पर्व पर धूमधाम से निकला विशाल नगर कीर्तन





नानकमत्ता (उद संवाददाता)। सिखों के दसवें में गुरु खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। सैकड़ो श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब दरबार साहिब में शीश नवाकर प्रसाद ग्रहण किया। गुरुद्वारा साहिब में रखे गए अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया। गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब को इलेक्ट्रॉनिक लड़कियों से सजाया गया। महाराज जी की पालकी को फूलों से सजाया गया। पालकी पर गुरु ग्रंथ साहिब जी को विराजमान किया गया। अरदास के बाद विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब की रहनुमाई में पालकी के आगे पंज प्यारे चल रहे थे। पंज प्यारों के आगे फूलों की वर्षा करते हुए श्रद्धालु चल रहे थे। महाराज जी की पालकी के पीछे स्त्री सत्संग की महिलाएं शब्द कीर्तन कर चल रही थी। नगर कीर्तन में रंजीत अखाड़ा ने हरअंग्रेज करतब दिखाकर लोगों को दांतों तले खुली दबाने पर मजबूर कर दिया। नगर कीर्तन का डेरा कार सेवा के प्रमुख बाबा तरसेम सिंह ने स्वागत किया। महाराज जी की पालकी पर श्री रुमला साहिब चढ़कर संगत की खुशहाली की अरदास की। नगर कीर्तन का फूलों से स्वागत किया गया। नगर कीर्तन का व्यापारियों ने जगह-जगह स्टॉल लगाकर चने बूंदी, चाय, फल, पकोड़े का प्रसाद वितरण किया। शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया। नगर के श्री गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज, श्री गुरु नानक अकैडमी, गुरु नानक इंटर कॉलेज, न्यू लाइट स्कूल, श्री गुरु नानक महाविद्यालय के बच्चों ने नगर कीर्तन में शामिल होकर प्रतिभाग किया। नगर के मुख्य चौराहे पर प्रसिद्ध रागी ढाड़ी कविसरी जत्थों ने गुरु की महिमा का गुणगान कर गुरु के बताएं मार्ग पर चलने का उपदेश दिया और श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज जी के इतिहास की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। सुरक्षा के दृष्टि के चलते पुलिस फोर्स तैनात रही। नगर कीर्तन द डेरा कर सेवा होते हुए सितारगंज मार्ग, खटीमा मार्ग, से होते हुए गुरुद्वारा मार्ग से वापिस गुरुद्वारा साहिब पहुंचा।

# चरस के साथ एक तस्कर दबोचा

किच्छा (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक किच्छा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने शमसान घाट से बंगाली कॉलोनी को जाने वाले रास्ते से अभियुक्त देवू मंडल उर्फ देव पुत्र संतोष मंडल निवासी बंगाली कॉलोनी वार्ड नंबर दो आजादनगर किच्छा को 60 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बसंती आर्या के अलावा वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद फर्त्याल, उपनिरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट, कांस्टेबल उमेश सिंह, कांस्टेबल उमेद गिरी शामिल थे।



# गुण्डा एक्ट के आरोपी को किया जिला बदर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला प्रशासन के आदेश पर पुलिस ने गुण्डा एक्ट के आरोपी को जिला बदर किया है। पुलिस के मुताबिक जिला प्रशासन ने बलजीत सिंह पुत्र गुरमीत सिंह निवासी ग्राम बिन्दुखेडा थाना रुद्रपुर को गुण्डा अधिनियम की धारा 103 के अन्तर्गत जिला बदर करने के आदेश जारी यिके थे। जिसके तहत एसआई मुकेश मिश्रा ने मुनादी कराकर बलजीत सिंह के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई करते हुए उसे राज्य की सीमा से बाहर छोड़ दिया। इस दौरान पुलिस ने उसे जनपद में प्रवेश करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।एसआई मुकेश मिश्रा ने बताया कि जिला बदर की अवधि तक बलजीत अपने मौसा बलवन्त सिंह पुत्र करतार सिंह निवासी ग्राम टैमरा थाना विलासपुर जिला रामपुर के पते पर निवास करेगा।

# कच्ची शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर (उद संवाददाता)। मंडी चौकी क्षेत्र में अनाज मंडी के पीछे से एक और कच्ची शराब के तस्कर को पुलिस ने गश्त के दौरान दबोचकर तलाशी में उसके कब्जे से 50 पाउच यानी 25 लीटर जहरीली कच्ची शराब बरामद किया। जानकारी के मुताबिक कुंडा थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने मंडी के पिछले गेट के पास संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए एक शख्स को शक आधार पर दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम भोगपुर डाम नंबर 2 थाना जसपुर निवासी लवप्रीत सिंह पुत्र बूढा सिंह बताया। तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई।

# मकान में घुसे चोर को रंगे हाथ पकड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मकान में चोरी के इरादे से घुसे चोर को लोगों ने रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक संजय नगर खेड़ा निवासी सुबोल मंडल पुत्र सुरेंद्र परिवार के साथ कलकत्ता गये हुए हैं। उनकी अनुपस्थिति में एक चोर घर के भीतर घुस गया? और चोरी के इरादे से घर का सामान समेट लिया। इसकी भनक जब आस पास के लोगों को लगी तो उन्होंने चोर को मकान में ही बंद कर दिया और सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। पकड़ा गया युवक पुलिस के सामने ही लोगों को धमकी दे रहा था। पुलिस उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# ऑटो चालक ने लगाया धमकाने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर रोड़ पर ऑटो चलाने वाले चालक ने एक अन्य ऑटो चालक पर धमकाने का आरोप लगाकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। शिवा पुत्र मिरकुन साहनी निवासी भूरारानी वार्ड 32 का कहना है कि वह काशीपुर रोड पर ऑटो चलाता है। उसी रोड पर ओटो चलाने वाला व्यक्ति उससे कह रहा है की तेरे ओटो में अपना फोन रखा था वो गायब हो गया है। तेरे ओटो से चोरी हुआ है। आरोप है कि वह ऑटो चालक धमकी दे रहा है कि गदरपुर आने पर ऑटो छीन लेगा साथ ही जान से मारने की धमकी दे रहा है। जिस कारण उसे अपनी जानमाल का खतरा बना हुआ है।

## पेज एक का शेष...

**रामलला की प्राण प्रतिष्ठा...**जनवरी को पूर्णिमा है। पूर्णिमा तक कोई धार्मिक आयोजन नहीं होते हैं। तीसरा, मंदिर अभी निर्माणाधीन है। अपूर्ण मंदिर में किसी भी देवी-देवता की प्राण-प्रतिष्ठा नहीं हो सकती है। देवी-देवताओं की प्राण-प्रतिष्ठा पूर्ण मंदिर में होती है। इसके अलावा पीएम और सीएम योगी का इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होना संविधान के खिलाफ है क्योंकि देश का संविधान भाईचारे को बढ़ावा देने वाला है। पीएम और सीएम के ऐसे कार्यक्रमों में शामिल होने से देश के भाईचारे की भावना को झटका लगेगा, जो कि सही नहीं है। याची अधिवक्ता अनिल कुमार बिंद ने बताया कि पीएम मोदी के कार्यक्रम पर रोक लगाने वाली जनहित याचिका मंगलवार को दाखिल हो गई है। कोशिश की जाएगी कि उस पर हाईकोर्ट जल्दी सुनवाई कर याचिका स्वीकार कर ले। उधर, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव की ओर से जारी उस शासनादेश को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है, जिसमें 22 जनवरी 2024 को प्रदेश के सभी मंदिरों में भजन-कीर्तन करने, रामचरित मानस का पाठ करने, सभी शहरों में रथ/कलश यात्रा निकालने का शासनादेश जारी किया गया है। हाईकोर्ट इस मामले की सुनवाई सूचीबद्ध होने पर ही करेगा।

**उत्तराखंड में घटी...** सर्वेक्षण (पीएलएफएस) करवाता है। हाल ही में इसके राज्यवार और आंकड़े जारी किए गए हैं। इन आंकड़ों में उत्तराखंड के भीतर लोगों को रोजगार मिलने के मामलों में बेहतरीन सुधार देखने को मिला है। सर्वेक्षण के ताजा आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021-22 में उत्तराखंड में बेरोजगारी की दर 8।4 प्रतिशत थी, जो कि चालू वित्त वर्ष अर्थात 2022-23 में घटकर 4।9 रह गई है।इस लिहाजा से पिछले 1 वर्ष में बेरोजगारी दर में 3.5 प्रतिशत की गिरावट देखने में आई है। वर्ष 2021-22 में जहां उत्तराखंड में श्रम बल की भागीदारी 55.9 प्रतिशत थी ,वही अब श्रम बल की भागीदारी 2022-23 में 4.2 प्रतिशत के इजाफे के साथ 60.01 प्रतिशत पर पहुंच गई है। सर्वेक्षण के ताजा आंकड़े मातृशक्ति के लिहाज से भी बेहद सुखद हैं। वर्ष 2021-22 में उत्तराखंड में महिला श्रम बल की भागीदारी जहां केवल 34.6 प्रतिशत थी ,वही अब यह भागीदारी 1 वर्ष में ही अर्थात 2022-23 में 41.5 प्रतिशत पर पहुंच गई है ।स्पष्ट है कि महिला श्रम बल की भागीदारी में इस वर्ष 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। खास बात यह है कि रोजगार के अवसर शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी समान रूप से बढ़े हैं। कुल मिलाकर आंकड़ों से मिल रहे संकेत इस बात का साफ इशारा कर रहे हैं कि ताजा आंकड़ों की बुनियाद पर उत्तराखंड रोजगार सृजन की एक बेहतर इबारत लिखेगा और राज्य में आने वाले सालों में भी रोजगार मिलने की दर में उल्लेखनीय प्रगति होगी। राज्य में बेरोजगारी की दर घटने से उत्साहित राज्य के सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने मीडिया को बताया कि उत्तराखंड सरकार द्वारा बुनियादी सुविधाओं सहित उद्योग व प्राथमिक क्षेत्र एवं सर्विस सेक्टर आदि में रोजगार सृजन के लिए गंभीर प्रयास किया जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि ताजा सर्वेक्षण में रोजगार के अवसर बढ़ाने के उत्साह जनक नतीजे सामने आए हैं।

**खाली प्लाट में ...**पर मंडी पुलिस चौकी के आगे एक रबर फैक्ट्री में चौकीदारी करता था। इसी फैक्ट्री की सर्वेंट क्वार्टर में उसे रहने की जगह दी गई थी। पता चला है कि गत मंगलवार को वह नाइट ड्यूटी में था। इस दौरान देर रात फैक्ट्री से लगभग आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित ढेला पुल के समीप एक खाली प्लाट मे मृत पड़ा पाया गया। सुबह पुलिस को स्थानीय लोगों द्वारा जैसे ही इसकी सूचना मिली उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए शिनाख्त के बाद इसकी सूचना परिजनों को दी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। मृतक की तीन पुत्र तथा एक पुत्री है। उसके दो पुत्र तथा एक पुत्री की शादी हो चुकी है। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।

**युवक ने फांसी ...**आ गया था आज जब उनकी लड़की दीप्ति शर्मा घर पर वापस आई तो जब वह दरवाजा खोलकर अंदर गयी तो उसने अपने पिता को छत मे लगे लोहे के एंगल में मफलर से लटका हुआ पाया। जिसकी सूचना उसने अपनी माँ व अन्य को दी। मौके पर पुलिस जनों द्वारा शव को पुलिस कब्जे में लेकर पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम हेतु रुद्रपुर भेज दिया। प्रथम दृष्टया मृत्यु का कारण फांसी लगाकर आत्महत्या करना पाया गया है।

**घर लौटते ...**राजू श्रीवास्तव निवासी भदईपुरा वार्ड 4, वर्तमान पता वार्ड 36 आदर्श कॉलोनी, का कहना है कि वह किराये पर अपने परिवार के साथ रहता है। वर्तमान में सिडकुल की कंपनी में कार्य करता है। उसने बताया कि 16 जनवरी को रात्रि तकरीबन 11 बजे वह कंपनी से कार्य करके लौट रहा था। मार्ग में जनता स्कूल के समीप बिकानेर स्वीट्स के पास दो अज्ञात व्यक्ति बाइक युवक उसके हाथ से मोबाइल छीन कर भाग गये। उनका पीछा करने की कोशिश की लेकिन बाइक की गति अधिक तेज होने के कारण उन्हें पकड़ने में असफल रहा।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सुशील का स्वागत करते भावुक हो रहे लोग








## श्री राम भक्त सुशील गावा ने रूद्रपुर से 40 किमी पैदल यात्रा तय कर सीतापुर जिले के मेहमूदाबाद में किया प्रवेश





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर के समाजसेवी एवं धर्म प्रेमी राम भक्त सुशील गाबा अपनी लगभग दो तिहाई यात्रा पूरी कर जिला सीतापुर के महमूदाबाद कस्बे में पहुंच गए हैं। घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के बीच इस बीच श्री गाबा से मिलने अनेकों समाजसेवी यात्रा पथ पर पहुंचे। अपनी पैदल यात्रा के नवे दिन श्री गाबा ने राष्ट्रीय राजमार्ग को छोड़कर स्टेट हाईवे सीतापुर बहराइच मार्ग पर खेराबाद से यात्रा को प्रारंभ कर वाया मीरपुर, सिन्थोली होते हुए मेहमूदाबाद तक का 40 किलोमीटर का पैदल सफर तय किया।कस्बा मीरपुर में कारसेवक अतुल मिश्र ने अपने साथियों संकल्प अवस्थी, अमित मिश्रा, अनूप अवस्थी, शशि प्रकाश शास्त्री के साथ श्री गाबा का स्वागत किया। रामभक्त गाबा से मिलकर अतुल मिश्र भावुक हो उठे। भीगी आंखों से उन्होंने बताया कि उन्हें 90 के दशक के कारसेवा के उनके दिन याद आ गए, जब वह अपने भाई मुकुल मिश्र के साथ पैदल ही लखनऊ से गांव गांव, पगडंडियों से अयोध्या गए थे, आज इस नौजवान को उत्तराखंड जैसे दूरगामी क्षेत्र से पैदल आता देख कार सेवा स्मरण हो आई है। देर शाम रुद्रपुर से समाजसेवी हरविंदर सिंह हरजी, राजीव मिड्ढा भी श्री गाबा से मिलने सिंथोली पहुंचे, जहां उन्होंने श्री गाबा को रामनाम का पटका पहनाकर स्वागत किया। हरजी ने खुद अपने हाथों से अपने घर से लाए पराठें गाबा को खिलाए। इधर पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष जावेद अख्तर, अमन पोपली, चौधरी, कर्नल, पूर्व छात्रसंघ उपसचिव गौरव शुक्ला आदि भी श्री गाबा से मिलने पहुंचे। सभी छात्र नेताओं ने फूलमालाओं से लादकर, शाल ओढ़ाकर तथा फलों की टोकरी प्रदान कर श्री गाबा का स्वागत किया। देर शाम श्री गाबा ने अपनी यात्रा का विराम मेहमूदाबाद के सुप्रसिद्ध संकटा देवी मंदिर में किया। मंदिर स्थल पहुंचने पर प्रबंधक रमेश जी ने उनका स्वागत किया एवं रहने की व्यवस्था आदि करवाई। वहीं सोशल मीडिया पर भी समाजसेवी सुशील को लोगों ने खूब शुभकानामयें देकर उनका हौसला बढ़ा रहे है।

# सुप्रीम कोर्ट में उद्यान घोटाले की सीबीआई जांच के खिलाफ उत्तराखंड सरकार की याचिका खारिज

देहरादून। उद्यान विभाग में हुए घपले की सीबीआई से जांच कराने के मामले को लेकर सरकार को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। नैनीताल हाई कोर्ट ने इस प्रकरण की सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। सरकार ने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, लेकिन वहां



इससे संबंधित पुनर्विचार याचिका अस्वीकार हो गई।उद्यान विभाग में सेब पौध वितरण में धांधली का मामला सामने आने पर सामाजिक कार्यकर्ता दीपक करगेती ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। यद्यपि, इस मामले में सरकार ने तत्कालीन उद्यान निदेशक डा एचएस बवेजा को निलंबित कर दिया था। साथ ही प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी गठित की थी।हाई कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करते हुए प्रकरण की सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। इस आदेश को सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। मंगलवार को इससे संबंधित याचिका पर सुनवाई हुई। बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट ने यह याचिका अस्वीकार कर दी।शासन के एक उच्चाधिकारी ने कहा कि इस बारे में अभी आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है, लेकिन विभिन्न संचार माध्यमों से ऐसी जानकारी मिली है। कोर्ट का आदेश मिलने के बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकेगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि उद्यान विभाग के प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का सम्मान है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार ने इस मामले में एसआईटी का गठन कर दिया था और मंशा दोषियों को कानून के दायरे में लाने की थी। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है और भ्रष्टाचार के खिलाफ हर तरह की जांच को तत्पर रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि एसआईटी ने भर्ती घोटाले और जमीनों की धोखाधड़ी से संबंधित कई मामलों में आरोपितों को सलाखों के पीछे भेजा है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने भर्ती घोटालों को संरक्षण देने का कार्य किया। सरकार उद्यान मामले में भी निष्पक्ष जांच की पक्षधर रही है और इसी के दृष्टिगत एसआईटी गठित की गई थी और उसने जांच भी शुरू कर दी थी।

# प्रमुख वन संरक्षक अनूप मालिक ने सभी डीएफओ को दिये सख्त निर्देश

## वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में लगातार बढ़ रहे गुलदार के हमलों के मामलों को देखते हुए वन महकमा भी अलर्ट है। मंगलवार को प्रमुख वन संरक्षकअनूप मालिक ने सभी डीएफओ को बैठक ली। इस दौरान उन्होंने मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए नई रणनीति बनाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी डीएफओ को हिदायत भी दी कि सभी जल्द से जल्द इस पर काम करें। बता दें कि बीस दिन में देहरादून में गुलदार के हमले की दो घटनाएं होने के बाद पुलिस और वन विभाग भी चौकन्ना है। राजपुर और रायुपर थाना की पुलिस अलग-अलग पेट्रोलिंग वाहनों से लाउडस्पीकर से लोगों को अलर्ट कर रही है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में लोगों को वन्यजीव के हमले से बचाने के निर्देश दिए थे। जिस पर कार्रवाई करते हुए शासन ने मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए आज विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी के अनुसार लोग वन्यजीव बाहुल्य क्षेत्रों में अकेले जाने से बचें। यथासंभव समूह में जाएं तथा ऐसे क्षेत्रों में सूर्यास्त से सूर्योदय के बीच अत्यन्त आवश्यक होने पर ही प्रवेश करें तथा इस अवधि में अत्यन्त सावधानी बरतें। बच्चों को समूह में स्कूल भेजें। वन क्षेत्रों से गुजरते समय अपने साथ मजबूत छड़ी आदि साथ में रखें। वन्यजीव से सामना होने पर सुरक्षित दूरी बनाएं रखें। अति उत्साह में किसी वन्यप्राणी के पास जाने एवं सेल्फी/फोटो आदि लेनें से बचें। वन्यजीव के बच्चे / शावक साथ हो तो ऐसे में विशेष सावधानी बरतें। बरसात व कोहरे के समय गौशाला, शौचालय एवं घरों के आस-पास की झाड़ियों की नियमित सफाई करें एवं प्रकाश की उचित व्यवस्था करें। उप सचिव वन द्वारा महानिदेशक सूचना को संबोधित पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि घर के आस-पास के कचरे के निस्तारण की उचित व्यवस्था किए जाएं।



# शिवनगर में घर घर वितरित की पूजा सामग्री और कैलेंडर

रुद्रपुर(उदस ंवाददाता)।भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक और रामभक्त भारत भूषण चुघ ने अपने सहयोगियों के साथ शिवनगर स्थित चामुंडा देवी मंदिर से पूजा सामग्री व कैलेंडर वितरण का अभियान प्रारंभ किया। सबसे पहले उन्होंने चामुंडा देवी मंदिर पहुंचकर माथा टेका और प्रभु श्री राम के उद्घोष के साथ अपना पूजा सामग्री वितरण कार्यक्रम प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह होना है इस भव्य और दिव्य समारोह का पूरा देश साक्षी बनेगा। ऐसे में वह शहर की समस्त मलिन बस्तियों में 22 जनवरी तक पूजा सामग्री एवं कैलेंडर वितरण का कार्यक्रम जारी रखेंगे, ताकि समाज के सभी वर्ग के लोग इस ऐतिहासिक पल को अपने दिलों में संजो कर प्रभु राम का स्मरण करें और अपने-अपने घर और प्रतिष्ठानों को दियों से रोशन करे। प्रातः वह शिव नगर पहुंचे, जहां उन्होंने चामुंडा मंदिर में शीश नवाया और प्रभु श्री राम के जयकारे के साथ पूजा सामग्री व कैलेंडर वितरण का अभियान प्रारंभ कर दिया। भाजपा नेता चुघ अपनी टीम के साथ भगवान श्री राम के जयकारों के शिव नगर के घर-घर पहुंचे जहां उन्होंने बुजुर्ग महिलाओं से आशीर्वाद लिया और उन्हें पूजा सामग्री व कैलेंडर वितरित किए। उन्होंने कहा कि पुरातन पीढ़ी से लेकर वर्तमान पीढ़ी तक सभी के दिलों में एक ही अलख जल रही थी कि प्रभु राम अपने घर में विराजे और आज यह सदियों का सपना पूरा हो रहा है। राम भक्त चुघ ने सभी लोगों से अपील की 22 जनवरी को घर-घर में दिया जलाएं और भगवा ध्वज स्थापित करें। इस मौके सरोज चौहान, सतपाल गंगवार, शोभा सक्सेना, आलोक सक्सेना, शिवकुमार सब्बू, प्रेमपाल गंगवार, लक्खा सिंह, विनय बंसल, संजीव गुप्ता, ममता त्रिपाठी, भावना मिश्रा, कृष्णपाल गंगवार, पूर्णिमा सक्सेना, राम अवतार, पूरन सिंह, राज कोली, शरद सक्सेना, सनी पासवान, वेद प्रकाश मौर्य, आलोक गंगवार समेत तमाम लोग मौजूद थे।



